e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 175
शुक्रवार
28.06.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
लक्ष्य प्राप्त करने के लिए एक लक्ष्य का होना आवश्यक है।

## क्विक न्यूज

### सपा सांसद की संसद से सेंगोल हटाने की मांग पर बढ़ा विवाद

**नई दिल्ली :** 18 वीं लोकसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद भवन में स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग तूल पकड़ती जा रही है। इस तरह की अजीबोगरीब मांग से देश हतप्रभ है तो अधिकांश सांसद इसे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का तरीका मान रहे हैं। दरअसल, सपा के सांसद आरके चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद भवन में स्थापित सेंगोल को हटाने की मांग की है और इस जगह पर संविधान की प्रति रखने का अनुरोध किया है। आरके चौधरी ने यह भी कहा है कि सेंगोल राजा-महाराजाओं का प्रतीक है, जिसे संसद भवन के उद्घाटन के साथ ही लोक सभा अध्यक्ष के आसन के समीप स्थापित किया गया था। सेंगोल के खिलाफ सपा नेता के इस बयान की चहुंओर आलोचना हो रही है।सपा सांसद आरके चौधरी की सेंगोल पर की गई टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पहले उनके बारे में बात करनी चाहिए जिनके साथ वे खड़े हैं, न कि संविधान के बारे में।

### नेपाल में भूस्खलन और बाढ़ से एक ही दिन में 10 लोगों की मौत

**काठमांडू :** नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में आकर 10 लोगों की मौत हो गई है। देश के अधिकांश हिस्सों में हो रही लगातार बारिश के कारण कई जगहों पर भूस्खलन से राजमार्ग भी अवरूद्ध होने की जानकारी मिली है। मॉनसून के प्रवेश के साथ ही नेपाल के अधिकांश हिस्सों में बीते दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण कई जिलों में बाढ़ के कारण सैकड़ों लोग प्रभावित हुए हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक स्यांग्जा जिले में भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि लमजुंग और कास्की जिले में पांच लोगों की मौत हो गई है। इसी तरह कैलाली जिले में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है।

### एयर इंडिया के दो ए-350 विमान एक सितंबर से दिल्ली-लंदन मार्ग पर भरेंगे उड़ान

**नई दिल्ली :** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया दिल्ली-लंदन मार्ग पर एक सितंबर से ए-350 विमान का उपयोग करेगा। इस मार्ग पर प्रतिदिन दो उड़ानों में ए-350-900 विमान को शामिल किया जायेगा।एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि एयर इंडिया आपके उड़ान अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। एक सितंबर से ए-350 विमान दिल्ली-लंदन (हीथ्रो) मार्ग पर पहली बार उड़ान भरेगा। ये उड़ानें हफ्ते में 14 बार होंगी। इसमें अपग्रेडेड केबिन और अपडेटेड सुविधाओं के साथ एयर इंडिया का नया अनुभव होगा। इस विमान में बिल्कुल नया प्रीमियम इकोनॉमी क्लास और बिजनेस क्लास भी होगा।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आकर तीन लोगों की मौत

**लखनऊ:** जनपद में बारिश की शुरूआत के साथ तेज हवाओं के बीच मेघ गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं सामने आई हैं। आकाशीय बिजली गिरने से जाखलौन में दो और सिंदवाहा में एक युवक समेत तीन लोगों की मौत की घटना प्रकाश में आई है। वहीं दो लोग झुलसी हालत में अस्पताल में भर्ती किए गए हैं। पुलिस व प्रशासन ने रिपोर्ट तैयार करते हुए शवों को पोस्टमार्टम भेजते हुए कार्रवाई की है।जानकारी के मुताबिक, मानसून की प्री बारिश बुधवार से जारी हुई और रूक-रूक कर गुरुवार को भी जारी है। इस बारिश से जिले का तापमान गिरा और मौसम सुहाना होने से लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन इस बरसात के बीच आकाशीय बिजली गिरने से जनहानि की घटनाएं होने से ग्रामीण बेचैन हैं।

### मानसून ने पकड़ी रफ्तार

**मुंबई :** जून की शुरुआत में ही बुआई का सीजन होने के बावजूद अब तक मंद गति से चल रहा मानसून अब देश के तीन-चौथाई हिस्से से अधिक को कवर कर चुका है। इसके बावजूद वह समय से पूरे भारत पर छाकर खूब बरसेगा। मानूसन ने रफ्तार पकड़ ली है इसलिए अगले पखवाड़े में देश के अधिकांश भागों में अच्छी बारिश होगी। अब तक हुई कम बारिश की भरपाई जुलाई मध्य तक होने का अनुमान है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 27° |

लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति ने किया संबोधित

# 10 साल में भारत की अर्थव्यवस्था में हुआ काफी सुधार : द्रौपदी मुर्मू

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली नवनिर्वाचित सरकार की प्राथमिकताओं को सामने रखा। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक में मुर्मू का यह पहला संबोधन है।

उन्होंने कहा कि ये दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। करीब 64 करोड़ मतदाताओं ने उत्साह और उमंग के साथ अपना कर्तव्य निभाया है। इस बार भी महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया है। इस चुनाव की बहुत सुखद तस्वीर जम्मू-कश्मीर से भी सामने आई है। कश्मीर घाटी में वोटिंग के अनेक दशकों के रिकॉर्ड टूटे हैं।

उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की चर्चा आज पूरी दुनिया में है। दुनिया देख रही हैं कि भारत के लोगों ने लगातार तीसरी बार स्थिर और स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई है। छह दशक बाद ऐसा हुआ है। ऐसे समय में जब भारत के लोगों की आकांक्षाएं सर्वोच्च स्तर पर हैं, लोगों ने मेरी सरकार पर लगातार तीसरी बार भरोसा जताया है।उन्होंने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के संकल्प ने आज भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया है।

10 साल में भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर पांचवें नंबर पर पहुंचा है। साल 2021 से लेकर साल 2024 के बीच भारत ने औसतन 8 प्रतिशत की रफ्तार से विकास किया है।

### 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि किसानों को ट्रांसफर

राष्ट्रपति ने कहा कि किसान अपने छोटे खर्चे पूरे कर सकें, इसके लिए पीएम किसान सम्मान निधि के तहत उन्हें 3 लाख 20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा राशि दी जा चुकी है। मेरी सरकार के नए कार्यकाल के शुरुआती दिनों में ही किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। सरकार ने खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भी रिकॉर्ड वृद्धि की है।



**10 साल में भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से ऊपर उठकर पांचवें नंबर पर पहुंचा है : मुर्मू**

**27 हजार करोड़ रुपए की लागत से असम में सेमीकंडक्टर प्लांट बनाया जा रहा है : राष्ट्रपति**

### नॉर्थ ईस्ट में हर तरह की कनेक्टिविटी को बढ़ाया जा रहा

राष्ट्रपति ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट में हर तरह की कनेक्टिविटी को बढ़ाया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, रोजगार, हर क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। असम में 27 हजार करोड़ रुपए की लागत से सेमीकंडक्टर प्लांट बनाया जा रहा है। यानि नॉर्थ ईस्ट, मेड इन इंडिया चिप्स का भी सेंटर होने वाला है।

### बिजली का बिल जीरो करने पर भी काम हुआ

राष्ट्रपति ने कहा कि अब मेरी सरकार बिजली का बिल जीरो करने और बिजली बेचकर कमाई करने की योजना भी लाई है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। इसके लिए मेरी सरकार प्रति परिवार 78 हजार रुपए तक की मदद कर रही है।

### अति पिछड़े जनजातीय समूहों के लिए भी काम हो रहा

राष्ट्रपति ने कहा कि 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पीएम-जनमन जैसी योजना आज अति पिछड़े जनजातीय समूहों के उत्थान का माध्यम बन रही है। सरकार, पीएम सूरज पोर्टल के माध्यम से वंचित वर्गों तक आजीविका के अवसरों को पहुंचाने के लिए सुलभ ऋण भी उपलब्ध करा रही है। मेरी सरकार, दिव्यांग भाइयों और बहनों के लिए, किफायती और स्वदेशी सहायक उप करण विकसित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने रांची स्मार्ट सिटी में गौतम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की रखी आधारशिला

# स्वास्थ्य सेवा को मजबूत बनाना सरकार की प्राथमिकता : चंपाई

राज्य के ग्रामीण और सुदूर इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बना रहे हैं बेहतर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में स्वास्थ्य संरचनाओं को बेहतर करने का प्रयास निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रांची स्मार्ट सिटी परिसर में गौतम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए राज्यवासियों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में इस मेडिकल कॉलेज का खुलना स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से निश्चित तौर पर राज्य के विकास को एक नई दिशा मिलेगी।

**ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने पर जोर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यकताओं को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोले जाने की जरूरत है। इस राज्य में आज भी देश के मानक स्तर से काफी कम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल हैं। ऐसे में यहां नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में यहां निजी अथवा पीपीपी मोड पर कई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खुलेंगे, जिसका फायदा यहां के लोगों को मिलेगा।

**निवेशकों को पूरा सहयोग करेगी सरकार:** मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य समेत किसी भी क्षेत्र में जो निवेशक यहां निवेश करने के इच्छुक हैं, उन्हें सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। वे अपना प्रस्ताव दें, सरकार पूरी गंभीरता से विचार करेगी। निवेशकों को सरकार की नीति के अनुरूप इंसेंटिव भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विकास की गति तेज करने के लिए यह कदम उठाए जा रहा है।

**इलाज के लिए राज्य के बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़े :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी बेहतर इलाज के लिए लोग दूसरे राज्यों और बड़े शहरों का रुख करते हैं । वहां महंगा इलाज होने की वजह से उनके आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। सरकार की कोशिश है कि यहां के लोगों को अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध करा सकें। इस दिशा में मेडिकल कॉलेज तथा विभिन्न अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। जांच की आधुनिकतम मशीन उपलब्ध कराने के साथ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है । मुख्यमंत्री ने कहा नए अस्पतालों के खुलने से लोगों को इलाज करने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह,मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंह, राइट पाथ फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ अभिजीत कुमार विशेष रूप से मौजूद थे।

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का हाई कोर्ट ने 11 जुलाई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**कोर्ट ने हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत की अवधि 11 जुलाई तक बढ़ा दी है. बता दें कि 13 जून को हेमंत सोरेन और बड़गाई अंचल के पूर्व भू राजस्व अवर निरीक्षक भानु प्रताप की न्यायिक हिरासत अगले 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई थी.**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं. वे पिछले पांच महीने से जेल में हैं. कोर्ट द्वारा उनकी न्यायिक हिरासत लगातार बढ़ाई जा रही है. एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है. कोर्ट ने हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत की अवधि 11 जुलाई तक बढ़ा दी है. बता दें कि 13 जून को हेमंत सोरेन और बड़गाई अंचल के पूर्व भू राजस्व अवर निरीक्षक भानु प्रताप की न्यायिक हिरासत अगले 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई थी.

आज यानी 27 जून को उनकी न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद एक बार फिर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया. जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें फिर से 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.मालूम हो कि बड़गाई अंचल में करीब साढ़े आठ एकड़ जमीन की गलत तरीके से रजिस्ट्री कराने के मामले में ईडी की टीम ने 31 जनवरी 2024 को हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था. जिसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस्तीफा देना पड़ा था. इस मामले में हेमंत सोरेन के साथ बड़गाई अंचल के पूर्व भू राजस्व अवर निरीक्षक भानु प्रताप, जमीन कारोबारी सद्दाम समेत कई लोगों के नाम सामने आए थे. आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी आरोपियों की पेशी के बाद सभी की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई. फिलहाल सभी आरोपी रांची के होटवार जेल में बंद हैं.

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से राहुल गांधी ने की मुलाकात, कहा

# आपातकाल पर बयानबाजी को नजरअंदाज किया जा सकता था

**राहुल ने सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं द्वारा संसद में आपातकाल पर की गईं टिप्पणियों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित था और ऐसा नहीं किया जाना चाहिए था।**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। राहुल ने सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं द्वारा संसद में आपातकाल पर की गईं टिप्पणियों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यह पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित था और ऐसा नहीं किया जाना चाहिए था। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल राव ने इस बारे में जानकारी दी।केसी वेणुगोपाल ने बताया कि 'यह एक शिष्टाचार भेंट थी। राहुल गांधी को विपक्ष का नेता चुने जाने के बाद इंडिया के घटक दलों के नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की।जब कांग्रेस महासचिव से सवाल पूछा गया कि क्या राहुल गांधी ने ओम बिरला के समक्ष सदन में उठाए गए आपातकाल के मुद्दे पर बातचीत की इसके जवाब में वेणुगोपाल ने कहा कि 'हमने सदन के संचालन को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की और आपातकाल के मुद्दे पर भी बात हुई।' विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा आपातकाल पर बयानबाजी को नजरअंदाज किया जा सकता था। उन्होंने आगे कहा कि यह पूर्ण रूप से राजनीति से प्रेरित था। बता दें कि लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद बिरला ने वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल लगाए जाने की निंदा की थी।

# पलामू : माओवादियों ने सड़क निर्माण में लगे तीन मशीनों को फूंका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों ने तीन मशीनों को फूंक दिया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है. जलाए गए सभी वाहन हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह के भाई विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह से संबंधित हैं. दरसअल विधायक कमलेश कुमार सिंह के भाई विनय कुमार सिंह हैदरनगर में डंडिला से सढ़ेया तक का रोड निर्माण करवा हैं. इसी कड़ी में बुधवार की रात भाकपा माओवादियों का एक दस्ता डंडिला के इलाके में पहुंचा था और एक जेसीबी और दो ट्रैक्टरों को फूंक दिया. पलामू रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है.



पुलिस को कई बिंदुओं पर जानकारी मिली है, जिसके बाद अभियान चलाया जा रहा है.डंडिला से सढ़ेया तक का रोड निर्माण कार्य अभय कंस्ट्रक्शन के द्वारा करवाया जा रहा है. अभय कंस्ट्रक्शन विधायक कमलेश सिंह के भाई विनय कुमार सिंह का है. अभय कंस्ट्रक्शन ने रोड का निर्माण कार्य शुरू किया था. कुछ दिनों पहले रोड निर्माण से जुड़े मुंशी को बदल दिया गया था और स्थानीय ग्रामीण को रखा गया था.विनय कुमार सिंह का कहना है कि लेवी के लिए उन्हें उग्रवादियों से धमकी मिल रही थी, जिसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को दी थी.

# नीट पेपर लीक मामला : सीबीआई ने पटना से मनीष प्रकाश और आशुतोष को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**पटना :** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पहली गिरफ्तारी की है। सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए पटना से नीट पेपर लीक मामले के आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को गिरफ्तार किया।नीट-यूजी में अनियमितताओं के आरोपों की जांच के सिलसिले में दिल्ली से सीबीआई की एक टीम सोमवार की सुबह पटना में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के कार्यालय पहुंची। बिहार पुलिस के जरिए शुरू हुए नीट परीक्षा के पेपर लीक जांच को बिहार की आर्थिक अपराध इकाई के बाद अब केंद्रीय जांच ब्यूरो के पास सौंप दिया गया। बिहार की जांच टीम ने सभी सबूत शिक्षा मंत्रालय को सौंप दिए।



## वज्रपात के चपेट में आने से सदानंद यादव की मौत



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सगमा ज्ञारखंड में मानसून की शुरुआत होने के साथ ही वज्रपात की कहर बरपा गया।जहाँ खुशियो की शहनाई बजनी थी वहां मातम पसर गया।बुधवार को सगमा प्रखंड अंतर्गत पुतुर गांव निवासी सदानंद यादव वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई।जिससे उनके घर मे मातम पसर गया।बताते चले कि आगामी 9 जुलाई को उनकी बेटी की बारात आणि थी।मिली जानकारी के अनुसार दिन बुधवार को सगमा मानसून की पहली बारिश हुई। इस दौरान शाम को सदानंद यादव अपने घर से लगभग 200 मीटर दूर खरकटवा से अपने सर पर शिटा लिए आ रहे थे।इसी दौरान हल्की बारिश के साथ अचानक वज्रपात हुआ जिसकी चपेट में आने से सदानंद यादव घायल हो गए। स्थानीय लोगो एंव घर की परिजनों ने आनन फानन में सदानंद यादव को बेहतर इलाज के लिए निजी वाहन से बंशीधर नगर के निजी हॉस्पिटल में ले गए। जहा चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।शव घर पहुंचते ही पूरे घर मे कोहराम मच गया।प्रखंड क्षेत्र में सदानंद यादव की मौत की सूचना आग की तरफ फैल गया।जिससे पूरे क्षेत्र में मातम फैल गया।इधर घर परिवार को लोगो रो रो कर बुरा हाल है।आपको बता दे कि उनका दाह संस्कार गुरुवार को खटखारिया श्मशान घाट पर किया जाएगा।बताते चले की सदानंद यादव की चार पुत्रियां हैं। वे तीन बेटियों का शादी विवाह कर चुके थे।सबसे छोटी बेटी सुनीता कुमारी की बारात आगामी 9 जुलाई को आना था।

## झामुमों के नवनियुक्त युवा प्रखंड अध्यक्ष व सचिव को किया सम्मानित



**केतार (गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी कार्यालय केतार में गुरुवार को युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष व सचिव मनोनीत किए जाने के उपलक्ष में सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान उक्त अध्यक्ष व सचिव को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता केतार प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह के द्वारा किया गया। ज्ञात हो की झामुमों पार्टी के गढ़वा जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्रवण सिंह ने जिले के सभी प्रखंड के साथ केतार प्रखंड में भी युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष छोटन कुमार सिंह व सचिव हरिनंदन राम को मनोनीत किया है। साथ ही उन्होंने मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष व सचिव को प्रखंड क्षेत्र में विस्तार करने एवं संघटनात्मक स्तर पर पार्टी को मजबूत एवं सक्रिय करने की जिम्मेवारी दी गई है। नवनियुक्त युवा प्रखंड अध्यक्ष छोटन कुमार सिंह ने कहा कि मैं धन्यवाद करता हूं जिला के पदाधिकारीयो का जो मुझे इस काबिल समझ कर जिमेवारी सौंपी गई,मेरे द्वारा बहुत जल्द इस प्रखंड में युवा लोगों को विस्तार कमेटी में किया जाएगा। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता,बीडीसी प्रतिनिधि अजय राम,बिंदु राम,जगनारायण यादव,सुरेश साह,परशुराम गुप्ता,मनीष कुमार गुप्ता,जयमाल साह,मौलाना नसीम अहमद,मंगलेश विश्वकर्मा,मकुन बैध,रमेश राम सहित अन्य लोग शामिल थे।

## भाकपा के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सीओ से मिलकर सौंपा चार सूत्री मांग पत्र

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने अंचलाधिकारी से मिलकर चार सूत्री मांग पत्र सौंपा.प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने अंचलाधिकारी से उक्त मांगो पर गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुये समस्याओं का शीघ्र समाधान की दिशा में पहल करने का अनुरोध किया. मांगपत्र में मांग पंजी टू से भूमि का लगान लेने,गैरमजरूआ भूमि का बन्द लगान चालू कराने, पंचायतों में शिविर लगाकर दाखिल खारिज का कार्य कराने तथा राजस्व कर्मचारियों को पंचायत में उपस्थित रहने का निर्देश देने की मांग शामिल है.प्रतिनिधि मंडल में अंचल सचिव गोपाल यादव,देवीदयाल मेहता,श्री राम,विद्या पासवान व रामनाथ उरांव शामिल थे।

# नक्सलियों के निशाने पर विधायक कमलेश सिंह का परिवार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** नक्सली संगठन पलामू के इलाके में सक्रिय है. लेकिन पुलिस की कार्रवाई उग्रवादियों के खिलाफ सुस्त दिख रही है.कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खनपूर्ति की जा रही है. यही वजह है कि उग्रवादियों का मनोबल बढ़ गया है. इतना ही नहीं पुलिस की सुस्ती के कारण ही अब उग्रवादियों के निशाने पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह का पूरा परिवार आ गया है. विधायक के परिवार के सदस्यों को कई बार माओवादी और अन्य उग्रवादी संगठन की ओर से धमकी दी गई.इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक से लेकर क्षेत्र के डीएसपी दी गई लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई. जिसका नतीजा माओवादियों विधायक के भाई की कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया.नक्सलियों के निशाने पर विधायक कमलेश सिंह का परिवार हैझारखंड में विधानसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ ही उग्रवादियों की गतिविधि बढ़ गई है. विभिन्न नक्सली संगठन पलामू के इलाके में सक्रिय है. लेकिन पुलिस की कार्रवाई उग्रवादियों के खिलाफ सुस्त दिख रही है. कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है. यही वजह है कि उग्रवादियों का मनोबल बढ़ गया है. इतना ही नहीं पुलिस की सुस्ती के कारण ही अब उग्रवादियों के निशाने पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह का पूरा परिवार आ गया है. विधायक के परिवार के सदस्यों को कई बार माओवादी और अन्य उग्रवादी संगठन की ओर से धमकी दी गई.इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक से लेकर क्षेत्र के डीएसपी को दी गई लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई. जिसका नतीजा माओवादियों विधायक के भाई की कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया.



**तीन गाड़ियों को माओवादियों ने किया आग के हवाले**

बता दे कि हैदरनगर में डंडिला से सड़ेया तक का रोड निर्माण का कार्य चल रहा है.हर दिन की तरह काम खत्म करने के बाद सभी वाहन को डंडिला में खड़ा किया गया था.इसी बीच देर रात करीब 10 से 11 बजे के आसपास हथियार बंद उग्रवादी पहुंचे और दो ट्रैक्टर के साथ एक जेसीबी को आग के हवाले कर दिया. सभी वाहन अभय कंस्ट्रक्शन का है.इस रोड निर्माण में लगे कंपनी के संवेदक से कई बार माओवादियों ने लेवी की मांग की है. लेकिन किसी तरह की कोई कार्रवाई पुलिस की ओर से नहीं की गई है.

**विधायक के भाई की है कंपनी**

अभय कंस्ट्रक्शन हुसैनाबाद विधायक कमलेश के भाई विनय कुमार सिंह का है. पलामू में दो साइट चल रहा है. हरिहरगंज में पूल निर्माण और दूसरा डंडिला सड़या रोड निर्माण. दोनों जगह पर लेवी की मांग की जा रही है. लेवी और धमकी के मामले में कई बार हुसैनाबाद एसडीपीओ और छतरपुर एसडीपीओ को शिकायत दर्ज कराई है. लेकिन पुलिस ने किसी तरह का कोई कदम नहीं उठाया. इसी का नतीजा है कि माओवादियों का मनोबल बढ़ा और वारदात को अंजाम दे दिया.

**क्यों सुस्त है पलामू पुलिस**

इस वारदात के बाद पलामू एसपी पर भी सवाल खड़ा हो रहा है. आखिर जब इलाके में विकास कार्य चल रहा है और इसे रोकने के लिए उग्रवादी कई हथकंडे अपना रहे है. इसकी जानकारी भी पुलिस के पास मौजूद है तो कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई है. क्या पुलिस अधीक्षक पलामू को इलाके की जानकारी नहीं है? क्या पलामू पुलिस का खुफिया तंत्र फेल हो गया है,जब कोई माओवादी दस्ता इलाके में सक्रिय था तो सर्च अभियान क्यों नहीं चलाया गया. ऐसे कई सवाल एसपी पर खड़ा हो रहा है.

**2007 में माओवादियों ने उड़ाया था घर**

अगर देखे तो हुसैनाबाद विधायक शुरू से ही माओवादियों के निशाने पर है. साल 2007 में तो माओवादियों ने कमलेश का कामगार पुर स्तिथ आवास को उड़ा दिया था. गनीमत थी की उस समय घर में कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था. इसके बाद भी कई बार धमकी दी जा चुकी है. नक्सलियों के निशाने पर होने के वजह से कमलेश सिंह को ष्ट्रक्क्न की एक्स श्रेणी की सुरक्षा भी दी गई है.

**विधायक ने एसपी पर खड़ा किया सवाल**

विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि पलामू एसपी को विनय कुमार सिंह के द्वारा लगातार सूचना दी गई थी. मगर सूचना के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होना एसपी के अदूरदर्शिता को उजागर करता है. उन्होंने कहा कि एसपी उनकी भी सुरक्षा पर ध्यान नहीं देती है. यह झारखंड सरकार के इशारे पर अनदेखा करती है. उन्होंने कहा कि उनका परिवार हमेशा उग्रवादियों के निशाने पर रहता है. इसका जीता जागता सबूत उनके पैतृक घर को उग्रवादियों द्वारा 2007 में उड़ाया गया था. इसके बाद भी कई बार उनके उपर हमला का प्रयास किया गया है.

**गृह मंत्री से करेंगे शिकायत**

उन्होंने कहा कि बुधवार की रात उनके भाई विनय कुमार सिंह के कार्यस्थल पर एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया. विनय कुमार सिंह ने पलामू एसपी से लगातार गुहार लगाने का काम किया. मगर कोई सुनवाई नहीं करने का परिणाम है उग्रवादियों का मनोबल बढ़ना. उन्होंने सम्पूर्ण जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री को देने की बात कही।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय 10:05 बजे बंद विद्यालय बंद कर बीआरसी पहुचे शिक्षक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कुंबाखुर्द पंचायत के अमर सरई ग्राम स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय 10ः05बजे बंद मिल।विद्यालय में एमडीएम भी नही बना था।रसोइया के द्वारा चावल बनाने के लिए चढ़ाये गए पानी को उतरवा कर प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय बंद कर दिया गया।पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि यहां के शिक्षक सह प्रधानाध्यापक बैजनाथ उरांव हमेशा मनमानी करते है।ग्रामीणों ने बताया कि आज भी उनके द्वारा एमडीएम के लिए चढ़ा पानी उतरवा कर विद्यालय बंद करवा दिया।उन्होने न तो संयोजिका को सूचना दिया, न ही अध्यक्ष को सूचना दिया।इस सम्वन्ध में संयोजिका मुन्नीदेवी और अध्यक्ष बसंत साव ने बताया कि प्रधानाचार्य द्वारा बिना किसी सूचना के विद्यालय बंद कर दिया गया।जब कि इस संबंध में प्रधानाध्यापक बैजनाथ उरांव ने बताया कि बीआरसी में मुझे बुलाया गया है,इसलिए मैं विद्यालय को बंद कर बीआरसी आ गया।उन्होंने बताया कि बीआरसी से विद्यालय बंद कर आने के लिए कहा गया है।इस संबंध में मैंने विद्यालय के सूचना बोर्ड पर सूचना भी लिख दिया है।एमडीएम के संबंध में उन्होंने बताया कि मुझे बीआरसी जाना था इस लिए एमडीएम नही बन पाया।इस संबंध में बीपीओ तहमीना परवीन ने बताया कि बीआरसी से किसी भी शिक्षक को नही बुलाया गया है। अगर बुलाया भी गया है तो यह नही कहा गया है विद्यालय बंद करके आना है। विद्यालय के समय के बाद भी बीआरसी आया जा सकता है।इस संबंध में बीईईओ बिजय पांडेय ने कहा कि इसकी जांच करा कर उचित कार्रवाई किया जाएगा।




## पेयजल के लिए लगाए गए संयंत्र विफल, लोग एक-एक बुंद पानी के लिए तड़प रहे : शत्रुघ्न कुमार शत्रु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** नावाबाजार झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज नावाबाजार प्रखण्ड के भीषण पेयजल संकट प्रभावित ग्राम रबदा टोला लकड़मुडी का दौरा के बाद जारी पर प्रेस बयान में कहा है कि सम्पूर्ण पलामू जिले समेत नावाबाजार प्रखण्ड में जल जीवन मिशन के तहत संवेदक द्वारा खराब गुणवत्ता से परिपूर्ण लगाए गए पेयजल सोलर संयंत्रों की घोर विफलता के कारण 90त्न जनता भीषणतम पेयजल संकट से जूझ रही है,जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।बयान में उन्होंने कहा है कि उक्त मिशन के तहत नावाबाजार प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों व टोलों में लगभग 70त्न बोर किए गए स्थानों पर ड्राई जोन होने व पर्याप्त पानी नहीं होने के बावजूद भी संवेदक



आजाद सिंह ने तकनीकी अधिकारियों व अन्य सम्बन्धित लोगों से मिलीभगत करके घटिया गुणवत्ता से युक्त सोलर प्लांट लगाकर भारी घोटाला करने का काम किया है,जिसकी सीबीआई जांच कर कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए।इस संदर्भ में स्थानीय भाजपा विधायक व सांसद की गंभीर चुप्पी की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं की विफलता पर इनकी चुप्पी कई सवालों को जन्म देता है।जारी बयान में जेकेएम अध्यक्ष ने कहा है कि हर घर नल जल योजना के तहत बिछाए गए घटिया पाइपों व अव्यवस्थित नलों के बैठाने में घटिया सामग्रियों के प्रयोग से यह मिशन लूट की भेंट चढ़ गया है। अव्यवस्था का आलम यह है कि टोला लकड़मुडी स्थित मेरे पैतृक आवास के बाड़े के अन्दर स्थित चापानल में पानी के लिए लोगों ने बाहर में लगा ताला व सिकड़ तक तोड़ दिया है। बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि झारखण्ड विधानसभा के आगामी सत्र में प्राथमिकता के आधार पर जल जीवन मिशन में भीषण लूट, अनियमित बिजली आपूर्ति समेत अन्य आधारभूत अधिसंरचनाओं के निमार्ण में लूट पर चर्चा के बाद ठोस कदम उठाते हुए उपरोक्त घोटाले की उच्चस्तरीय जांच की अनुसंशा सरकार को करनी चाहिए।

## बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की हुई समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार (पलामू):** प्रखंड सभागार मे गुरुवार को नौडीहा बाजार प्रखंड सभागार में बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपन ने किया, बैठक में अबुआ आवास योजना में हुई अनियमितता के लिए पांच सदस्यीय जांच टीम गठित करने की प्रस्ताव पारित किया गया,जमीन संबंधित मामले के लिए सप्ताह में एक दिन जनता दरबार लगाने के लिए प्रस्ताव पारित हुआ ,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कड़ा निर्देश दिया गया है कि डिलर फिंगर लगाकर राशन अगले माह वितरण करते ,शिक्षा बीईओ को बताया गया कि शिक्षक विधालय से हाजरी बनाकर गायब रहते हैं सहित कई प्रस्ताव पारित किया गया।बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान,प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपन थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी,बीस सूत्री उपाध्यक्ष अनवर हुसैन,बीस सूत्री सदस्य परवेज आलम,नितिश कुमार, गजेन्द्र शर्मा,विनोद सिंह ,बीईओ शिक्षा विभाग महेंद्र प्रजापति,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार, पंजाब नेशनल बैंक शाखा प्रबंधक आकाश कुमार, ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई हो : डॉ एमएन खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** एआइएमआइएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी डॉक्टर एम एन खान ने पिछले दिनों गढ़वा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा के शिक्षक नीरज श्रीधर के द्वारा नाबालिग छात्रा के साथ किए गए छेड़छाड़ की घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना चाहिए। ताकि भविष्य में इस तरह की घटना नहीं हो सके।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गढ़वा जिला में हत्या, लूट व बलात्कार जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों महुलिया गांव में एक मामूली सी बात पर एक नवजवान युवक की हत्या कर दी गई। गढ़वा जिला में इस तरह की घटना होने के बावजूद यहां के जनप्रतिनिधि गंभीर नजर



नहीं आ रहे हैं। अभी तक जनप्रतिनिधि के द्वारा उक्त मामले को लेकर कोई पहल नहीं की गई है। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि यहां के जनप्रतिनिधि को यहां की जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नही है। उन्होंने कहा कि यहां के जनप्रतिनिधि को सिर्फ यहां के लोगों से वोट चाहिए।

## अदबी संसार का 34वीं तरही नातिया मुशायरा एक शाम नौशाद अहमद ख़ां के नाम संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** अदबी संसार ने 34 वीं तरही नातिया मुशायरा में एक शाम, नौशाद अहमद ख़ां के नाम राहत नगर (पहाड़ी) स्थित जावेद अख़्तर के आवास पर आयोजित कराया। अध्यक्षता नौशाद अहमद ख़ां जबकि संचालन हाजी शमीम रज़्वी ने किया। अतिथियों का स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एम.जे. अज़्हर ने किया। मौक़े पर बतौर मुख्य अतिथि मुमताज़ अहमद ख़ां जबकि विशिष्ट अतिथि मौलाना मुश्ताक अहमद ज़ियाई व समाजसेवी सैय्यद मो. कलाम उपस्थित हुए।नौशाद अहमद ख़ांः हर मरज़ के हैं मुआलिज आप ही शाह ए उमम, कीजिए एक बार हम पर भी शफ़ाअत की नज़र।मौ. महताब आलम ज़ियाईः कलम ए मुस्तफ़ा पढ़के हज़रत बिलाल, अपनी खुशबख़्तियों पर मचलने लगे।कारी जसीमुद्दीन शमीमीः जिस पे ख़ैरुलवरा की नज़र हो गई, खुल्द में वो शमीमी टहलने लगे।शमीम रज़्वीः जो यहां नहीं क़ायल मुस्तफ़ा की अज़्मत का, जाएगा वो दोज़ख़ में फ़ैसला है कुदरत का।क़य्यूम रूमानीः मौत का ख़ैर मक़दम न हम क्यों करें, होने वाला नबी का जो दीदार है।अमीन रहबरः हो गया है औज पर उसका मुक़द्दर मोमिनो, डाल दी सरकार ने जिस पर मुहब्बत की नज़र।एम.जे.अज़्हरः मुस्तफ़ा को देखते ही झूम उठेंगे उम्मती, आसियों पर होगी जब उनकी शफ़ाअत की नज़र।डॉ. अतहर मोबिन कुरैशीः पूछते हो क्या लोगो मुस्तफ़ा की अज़्मत का, तज़किरा है कुरआं में उनकी शान व शौकत का।निगार आलम अताः जब भी जाने लगे लोग सू ए हरम, कितने उश्शाक़ के दिल मचलने लगे।इमरान शादः है शिफ़ा ख़ाक ए तैबा में ये जानकर, धूल माथे पे तैबा की मलने लगे।खालिद रज़ा ताबिशः मौत आए गुंबद ए ख़ज़्रा के साए में मुझे, कीजिए ताबिश पे आक़ा ऐसी रहमत की नज़र।अदनान कासिफ़ः तुम बुला लो मुझे एक बार मदीने वाले, सुन लो दिल की मेरे मुख़्तार मदीने वाले।मो.इस्तख़ारः हम जब भी कलमा पढ़ते हैं तो एतराम से, आगे मेरा जनाज़ा है पीछे इमाम है।फ़रहत हुसैन खुशदिल, नूर सुल्तानपुरी, अतिया नूर इलाहाबादी, मुहसिन अज़ीम लखनवी, मंसूर रज़्वी, हाफ़िज़ मो. यूनुस रज़्वी, अताउल्लाह रज़ा, फ़ारूक़ अहमद के द्वारा भी नातिया कलाम पेश किया गया।

## सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा जन प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया.सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा जन प्रतिनिधियों से आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर चर्चा किया गया.बैठक में एक दर्जन बूथों में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया.जिसमेंबूथ संख्या 234 को हरिजन टोला पुराना भवन से हटा कर मध्य विद्यालय नगर उंटारी में विद्यालय विलय होने के कारण बदला गया,बूथ संख्या 243 को उत्क्रमित मध्यविद्यालय जंगीपुर से नव प्राथमिक विद्यालय नायखाड़,बूथ संख्या180 को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंबाखुर्द नार्थ से बदल कर नव प्राथमिक विद्यालय फुटहा बांध



कुंबाखुर्द,बूथ संख्या18 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंबाखुर्द मध्य भाग से बदल कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अमर सरई कुंबाखुर्द,बूथ संख्या 184 उत्क्रमित मध्य विद्यालय जमुआ उतरी भाग से बदल कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरेया, बूथ संख्या 191 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय विलासपुर पूर्वी भाग से बदल कर उत्क्रमित मध्य विद्यालय गंगटी,बूथ संख्या 195 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरबाँध पूर्वी भाग से बदल कर स्तरोन्नत उच्च विद्यालय गरबाँध,बूथ संख्या 197को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गरबाँध पश्चिमी भाग से बदल कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ब्राह्मणी टोला गरबाँध,बूथ संख्या 202 उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिंडारिया पश्चिमी भाग से बदल कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा,बूथ संख्या 214 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरडीह दक्षिणी भाग से बदल कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ठरकीया,बूथ संख्या215को उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरडीह पश्चिमी भाग को बदल कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ठरका,बूथ संख्या 256 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुशदण्ड पश्चिमी भाग को बदल कर नव प्राथमिक विद्यालय कुशमाहा टोला कुशदण्ड तथा बूथ संख्या 267 को एच एस कधवन से बदल कर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भैसबेढवा सहित एक को छोड़ कर नया भवन मतदान क्षेत्र के अंदर अवस्थित होने के कारण किया गया.बैठक में पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान,सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे,कांग्रेस के वरीय जिलाउपाध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, प्रमोद कुमार, अनिल सिंह, अमर नाथ पांडेय, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कौशल कुमार, विकास जायसवाल,अजय गुप्ता, जितेंद्र कुमार, रणधीर कुमार,गोपाल प्रसाद, अशोक कुमार , बिरेन्द्र कुमार सिंह, मुखिया मनोज ठाकुर, रेखा कुमारी, शिविष्टयानी केरकेट्टा, सुशीला देवी, उषा देवी, राकेश चौबे, फिरदौश अंसारी, बिरेन्द्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खबर का असर : अनुमंडल क्षेत्र के डीलर काट रहे हैं चांदी, लाभुको का हाल है बेहाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** शीर्षक से प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेकर आपूर्ति पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह तत्काल करवाई करते हुए मामले की जांच कर डीलर को हटाते हुए महिला समूह से डीलर का चुनाव करने का निर्देश दिया था।आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में एलईओ ललिता देवी ने गुरुवार को कुंबाखुर्द के फुटहा बांध टोला पहुच कर महिला समूह से अध्यक्ष,सचिव और कोषाध्क्ष का चुनाव सम्पन्न कराया.जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष के लिये मेरिस्तेला लकड़ा,सचिव के लिये अस्मिता कुजूर तथा कोषाध्यक्ष के लिये अनिता मिंज का चुनाव महिला समूह के महिलाओ द्वारा किया गया.मौके पर महिला समूह की रेखा देवी, सायती देवी, अनीता देवी, विमला देवी, अनरवा देवी, गीता देवी, जगनी देवी, हरीकिशुन उरांव, संगीता देवी, भागमणि देवी, राज देवी, दौलतिया देवी, पप्पू उरांव सहित बड़ी संख्या में महिला समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

## हजारीबाग में एक सप्ताह के अंदर होगी ट्रैफिक व्यवस्था मे सुधार : एसपी

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था से परेशान शहर वासियों को अब इस परेशानी से निजात मिलने वाली है क्योंकि हजारीबाग के पुलिस कप्तान ने रांची हाईकोर्ट में जाकर यह वादा किया है की बहुत जल्द ट्रैफिक को नियम अनुसार सुधारने पर ठोस कदम उठाया जाएगा. आपको बता दें कि विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची हाईकोर्ट मे दायर जनहित याचिका के आलोक पर हजारीबाग पुलिस कप्तान सशरीर रांची हाईकोर्ट में उपस्थित होकर यह वादा करके आए हैं की बहुत जल्द शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने की ओर ठोस कदम उठाया जाएगा. आपको बता दें कि हजारीबाग शहरवासी बिगड़ी हुई ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं बाजार कोर्ट कचहरी अस्पताल स्कूल जाने के क्रम में कितनी जुंबिसों का सामना करके अपने मंजिल तक पहुंचाते हैं जिसका अंदाजा लगाना सहज नहीं है विक्रम में ट्रैफिक व्यवस्था से तंग आकर हजारीबाग के एक सज्जन ने तंग आकर जनहित याचिका दायर कर दी आपको बता दें कि हजारीबाग का झंडा चौक आनंद चौक कांग्रेस ऑफिस रोड इंद्रपुरी से पगलमिल का रास्ता हो क्या शहर का कोई भी इलाका जाम लगने स अछूता नहीं।

# पिपरवार के कल्याणपूर भगत टोला मे पानी के लिए मचा हाहाकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र कल्याणपूर पंचायत के भगत टोला मे भीषण भरी गर्मी मे पेयजल संकट गहरा गया है,जिसके कारण ग्रामीणो को काफी परेशानी हो रही है।प्रचंड गर्मी मे भगत टोला मे पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।गांव के लोग पानी की जुगाड़ मे इधर उधर भटकने को मजबूर है।मिली जानकारी के अनुसार चतरा जिला के टंडवा प्रखण्ड क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत के टाना भगत टोला में करीब 50 से 60 अबादी वाला टोला है।लेकिन पानी के लिए कोई साधन उपलब्ध नही है।गांव में एक चापानल है लेकिन वह भी पिछ्ले दो वर्षो से खराब पड़ा हुआ है।



वही गांव की पुरी आबादी एकमात्र कुंआ पर निर्भर है, लेकिन भीषण भरी गर्मी मे कुंआ भी पुरी तरह से सूख चुका है।जिसके कारण ग्रामीणो को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।इस संबंध मे गांव की शीमन टाना भगत,सीता टाना भगत, बीनिता टाना भगत और राजेन्द्र टाना भगत ने बताया कि कल्याणपुर गांव के टाना भगत टोला में एक कुआं है, जो इस भीषण गर्मी में सुख चुका,वही एक चापानल है, लेकिन वह भी दो साल से खराब है।गांव का पूरा आबादी खेती पर निर्भर है, लेकिन पानी की समस्या उत्पन्न होने के कारण खेती-बारी पूरी तरह से प्रभावित है।इंसान तो इंसान जानवर भी पानी के लिए भटकने को मजबूर है।ग्रामीणों ने बताया कि कई बार स्थानीय जन प्रतिनिधियों को पानी की समस्या से अवगत कराया गया,लेकिन किसी भी जन प्रतिनिधि का ध्यान इस और नहीं है। जनप्रतिनिधि और राजनीतिक दलों के लोग सिर्फ चुनाव के समय यहां आते हैं और कई तरह के वादे कर चले जाते हैं।उनका वादा भी झूठा साबित होता है। जिसके कारण स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के के प्रति गांव के ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि जल्द पानी की समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो आने वाले विधानसभा चुनाव का भी बहिष्कार किया जाएगा।वही ग्रामीणों ने टंडवा प्रखण्ड के बीडीओ एवं सीओ के अलावे स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन से गांव में पानी की समस्या दूर करने की गुहार लगाई है।फिलहाल भीषण भरी गर्मी में ग्रामीण इधर-उधर से पानी की जुगाड़ कर जीविका चला रहे हैं।

# बेंती उत्क्रमित उच्च विद्यालय के बच्चो के बीच साइकिल का हुआ वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के अर्न्तगत आने वाले उत्क्रमित उच्च विद्यालय के बच्चो के बीच गुरूवार को एक सादे समारोह आयोजित कर साईकिल का वितरण किया गया।इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति एवं विद्यालय के सभी शिक्षक शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान स्कूल के चयनित होने वाले बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय प्रजापति ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सर्व शिक्षा अभियान के तहत बच्चों के बीच साईकिल का वितरण किया गया है।इससे बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और शिक्षा के प्रति उनका लगाव बढ़ेगा।उन्होंने कहा कि साईकिल मिलने से दूर-दराज से आने वाले बच्चों को स्कूल आने-जाने में राहत होगी।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ स्कूल के बच्चों तक पहुंचाया जा रहा है।वही साइकिल मिलने के बाद बच्चों में भी खुशी की लहर देखी गई। उन्होंने सभी बच्चों से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन करने की अपील कीइस मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय प्रजापति,संयोजिका बरिया देवी,प्राचार्य बिजय टोप्पो सहित कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।



## पौधा लगाओ अभियान चलाया गया

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के 19 पंचायत में गुरूवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत गड्ढ़ा खोदो पौधा लगाओ अभियान बीडीओ स्मिता नगेशिया के नेतृत्व में चलाया गया. गड्ढ़ा खोदो पौधा लगाओ अभियान के तहत सभी 19 पंचायत मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, बीएफटी, वार्ड सदस्य सहित मनरेगा लाभुकों मजदूरों गुरूवार सुबह से गड्ढ़ा खोदो अभियान में गड्ढ़ा खोदते नजर आये. बीडीओ स्मिता नगेशिया भी लोधमा पंचायत के कुलहूटू चंगाटोलो पहुंच कर गड्ढ़ा खोदो, पौधा लगाओ अभियान तहत गड्ढ़ा खोदकर लोगों को प्रोत्साहित किया और कहा वर्षा के आने पूर्व हमलोग पौधा लगाने के लिए गड्ढ़ा खोदकर छोड़ देते हैं जिसमें कुछ दिनों तक धूप पानी पड़ने के बाद पौधा लगते हैं भीषण गर्मी का पड़ना और मौसम का परिवर्तन होना अत्याधिक प्रदूषण व पेड़ के कम होने हो रहा है जिसके लिए हम सभी लोगों को कम से कम 10-10 पौधा लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे. गड्ढ़ा खोदो पौधा लगाओ अभियान में 19 पंचायत मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, बीएफटी, वार्ड सदस्य सहित मनरेगा लाभुकों मजदूर व ग्रामीणों ने भाग लिया।



# जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन

# उपायुक्त ने मेले में प्रदर्शित सभी टीएलएम का किया अवलोकन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** निपुण समागम के अन्तर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) खूँटी में 100 शिक्षकों के चार दिवसीय शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण कार्यशाला के उपरांत आज जिला स्तरीय टी.एल.एम. मेला जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, खूँटी में आयोजित किया गया। उक्त टी.एल.एम. मेला का उद्घाटन उपायुक्त, लोकेश मिश्रा द्वारा अनुमण्डल पदाधिकारी, खूँटी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, खूँटी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, खूँटी, जिला शिक्षा अधीक्षक खूँटी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, खूँटी की उपस्थिति में किया गया। उक्त जिला स्तरीय टी.एल.एम. मेला में एफ.एल.एन. कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षकों द्वारा प्रारंभिक कक्षाओं के बच्चों को रूचिकर, आकर्षक एवं खेल के माध्यम से सीखने- सीखाने हेतु विभिन्न प्रकार के निर्मित टी.एल.एम. की प्रदर्शनी की गई। उपायुक्त ने शिक्षकों द्वारा मेले में प्रदर्शित सभी टी.एल.एम. का बारीकी से अवलोकन किया एवं शिक्षकों से उस टी.एल.एम. के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने के तरीके का भी अवलोकन किया। मौके पर उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी शिक्षकों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया कि जिला स्तर पर आयोजित टी. एल.एम. मेला में शिक्षकों द्वारा काफी आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक टी.एल.एम. का प्रदर्शन किया गया है। इसी प्रकार के टी.एल.एम. का निर्माण सभी विद्यालयों के शिक्षकों को बच्चों के पठन-पाठन हेतु किया जाना अपेक्षित है। जिस प्रकार राज्य स्तर से एफ.एल.एन. कार्यक्रम प्रारंभिक कक्षाओं के लिए संचालित किया जा रहा है उसी प्रकार जिला प्रशासन द्वारा छात्रों के अधिगम स्तर में अपेक्षित गुणवत्तापूर्ण सुधार हेतु बेसिक कार्यक्रम सभी प्रखण्डों में संचालित किया जा रहा है जिसके माध्यम से बच्चों के अधिगम स्तर में अपेक्षित प्रगति देखने को प्राप्त हो रही है। जिला प्रशासन का विशेष ध्यान एफएलएन कार्यक्रम पर है एवं इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु शिक्षा विभाग को आवश्यक सहयोग भी किया जायेगा। साथ ही इस कार्यक्रम की उपलब्धि की समय-समय पर समीक्षा भी की जायेगी। आगे उन्होंने बताया कि शिक्षकों से अनुरोध है कि कार्य कुशलता एवं कार्य क्षमता को दिखाते हुए बच्चों को शिक्षित करें सभी शिक्षक सक्रिय रूप से बच्चों के बहुमुखी विकास में भागीदार बनें। साथ ही उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय भाषाओं में ज्ञान एवं एक्टिविटी बेस्ट कार्य आवश्यक है। इसमें जिला प्रशासन अपेक्षित सहयोग के लिए तैयार है। यह कार्यक्रम एवं बेहतर शिक्षा हमारी प्राथमिकताओं में से एक है। उक्त मेले में टीएलएम सामग्रियों का अवलोकन आर.सी. बालक मध्य विद्यालय, खूँटी, रा.प्राथमिक विद्यालय प्रखण्ड कॉलोनी, खूँटी, उर्सुलाइन बालिका मध्य विद्यालय, खूँटी, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कन्या, खूँटी एवं डीएवी पब्लिक स्कूल खूँटी के लगभग 1000 बच्चों ने किया। प्रदर्शित टीएलएम सामग्री का अवलोकन कर सभी बच्चे काफी आनंदित हुए और नई गतिविधियों के संबंध में जाना। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ डायट संकाय के सदस्य, सिनी, प्रतिज्ञा एवं आईपीईएल के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।




## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना क्षेत्र अंतर्गत हाकाजांग निवासी सुरेश महली उम्र 35 वर्ष पिता गोला गोड़ाईत की मौत बुधवार को हल्दीगड़ा स्थित तालाब में नहाने के क्रम में डूबने से हो गयी. प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश महली दोपहर के वक्त हल्दीगड़ा स्थित तालाब में नहा रहा था उसी क्रम में वह डूबने लगा जिसे देखकर तालाब में ही कपड़ा धो रही महिला ने गांव वालों की इसकी सूचना दी गांव वाले आकर उसे तालाब से बाहर निकला तब तक सुरेश महली कि मौत हो चुकी थी. देर शाम कर्रा पुलिस को घटना की सूचना दी गयी. कर्रा पुलिस द्वारा घटनास्थल पहुंचकर मामला की जानकारी लिया और शव को कब्जे में करके बुधवार रात्रि को कर्रा थाना आया गया.वही गुरूवार को खूंटी सदर अस्पताल भेजकर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सोपा गया।

## स्कूल बस की समस्या को लेकर अभिभावकों ने जीएम को लिखा पत्र

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा से डीएवी खलारी और उर्स लाईन कान्वेन्ट स्कूल खलारी पढ़ने जाने वाले बच्चो के अभिभावको ने पिपरवार जीएम को पत्र लिखकर बस की समस्या से अवगत कराया है।अभिभावको ने पत्र के माध्यम से बताया कि पिपरवार क्षेत्र मे कार्यरत कई सीसीएल कर्मचारियों के बच्चे डीएवी खलारी और उर्स लाईन कान्वेंट स्कूल खलारी में पढ़ते हैं।उक्त दोनो स्कुलो के बच्चे बचरा से एक ही स्कूल बस से स्कूल के लिए जाते है।वर्तमान में बच्चों की संख्या अधिक हो जाने के कारण बस में आने जाने में बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस में क्षमता से अधिक बच्चो के होने से कई बच्चों के लिए बैठने की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण बच्चों को काफी परेशानी होती है।वहीं बस में क्षमता से अधिक बच्चों के होने से चालक को भी परेशानी होती है।ऐसे में यदि एक और स्कूल बस की व्यवस्था की जाए तो समस्या का समाधान किया जा सकता है।पत्र के माध्यम से अभिभावकों ने पिपरवार जीएम से समस्या का समाधान करने की अपील की है।पत्र में कई अभिभावकों द्वारा हस्ताक्षर किया गया है।

## हहाप पंचायत के बेराडीह में बैठक संपन्न

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड के हहाप पंचायत अंतर्गत बेराडीह में एक बैठक किया गया ।जिसमें जल मीनार खराब हो गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द बनाने के लिए जिला परिषद अध्यक्ष निर्मल भगत के नाम से आवेदन दिया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य रामवतार केरकेट्टा, आजसू पार्टी रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा,मदन टोप्पो, दुर्जन मुंडा,विवेक मुंडा, सुरेश मुंड़ा एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



## सिल्ली पुलिस ने 25 वर्षीय अज्ञात शव बरामद किया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना क्षेत्र के रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर सिंधु पैथोलॉजीकल के समीप गुरुवार की सुबह सिल्ली पुलिस ने लगभग 20 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बीच सड़क से बरामद किया। गस्ती कर रहे पुलिस ने शव को सिल्ली रेफ़रल अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। सिल्ली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार से पुछने पर उन्होंने बताया कि मौत की पुष्टि अभी नहीं हो पायी है। रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी थी।

## तोरपा विधायक कोचे मुंडा चिद्दी गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों का ढ़ाढस बंधाया

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत लिमड़ा पंचायत के चिद्दि गांव के जयराम हेमरोम की मृत्यु पेड़ गिरने के कारण हो गयी थी घटना कि जानकारी मिलने पर गुरूवार को तोरपा विधायक कोचे मुंडा मृतक जयराम हेमरोम के परिजनों से मिलने चिद्दी गांव पहुंचे और परिजनों से मिलकर ढाढ़स बधाया एवम परिजनों को आर्थिक मदद भी किया. वही माननीय विधायक ने परिजनों से बात करते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर आगे भी हर संभव मदद का आश्वासन दिया. इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिह, विनय गुप्ता, सीमा देवी, बिनोद सिंह, जेपी सिंह ,सुरेंद्र गोप, शंकर दास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।




झारखण्ड सरकार

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची।**

प्रभाग – (भूमि संरक्षण)

**कार्यालय – भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, हजारीबाग**

**Office E-Mail ID – scsohazaribag@gmail.com**

**वित्तीय वर्ष 2024–25 में जलनिधि योजनान्तर्गत् राज्य के सभी जिलों में विशेष सिंचाई सुविधा अन्तर्गत डीप बोरिंग, परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु सूचना।**

हजारीबाग एवं रामगढ़ जिले के सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसून पर कृषकों की निभर्रता कम करने हेतु एवं विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में जलनिधि योजनान्तर्गत् विशेष सिंचाई सुविधा के अन्तर्गत् विभागीय राज्यादेश सं० 22 दिनांक 18.06.2024 के आलोक में डीप बोरिंग, परकोलेशन टैंक निर्माण के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है, जिसके शर्त्ते निम्नवत् है :–

(योजना का स्वरूप)

**1. डीप बोरिंग:**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| योजना अंतर्गत 6 ईंच Diameter Deep Boring, Submersible Pump 1.5 HP आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एंव सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | Hazaribag OSP - 38 SCSP - 29 Ramgarh OSP - 31 | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**2. परकोलेशन टैंक:**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| Length of Percolation Tank - 120ft. Width of Percolation Tank - 100ft. Depth of Percolation Tank - 12ft. Length of Bound - 370ft. Slide Slope-1:1 | योजना लघु एंव सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत् पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | Hazaribag OSP - 111 SCSP - 80 Ramgarh OSP - 90 | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

कृषक / संस्था का चयन :–

(1) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / लघु / सीमांत कृषक / महिला कृषकों / इच्छुक कृषक समूहों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

(2) जिन कृषक समूहों को पूर्व में डीप बोरिंग, परकोलेशन टैंक के निर्माण का लाभ प्राप्त हो चुका है, उनकी पात्रता डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक निर्माण के लिए मान्य नहीं होगी।

(3) गत वर्ष (2023–24) में समर्पित किए गए आवेदन जिनकी स्वीकृति लक्ष्य अवशेष नहीं रहने के कारण नहीं हो सकी में से सुयोग्य लाभुकों के आवेदन पर स्वीकृति हेतु पुन: विचार किया जाएगा।

(4) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी एवं ग्रामसभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

आवेदन की प्राप्ति :–

(1) भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी के माध्यम से कृषक / कृषक समूह द्वारा योजना के संदर्भ में आवेदन किया जा सकेगा। अर्हता रखने वाले आवेदक लघु एवं सीमान्त कृषकों के समूहों का गठन भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, हजारीबाग के द्वारा किया जायेगा।

(2) भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा हजारीबाग जिले के लिए एवं भूमि संरक्षण पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा रामगढ़ जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्व सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।

(3) भूमि संरक्षण सर्वे कार्यालय, हजारीबाग / कैथा जलछाजन पार्क, कैथा, रामगढ़ से नि:शुल्क आवेदन–पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

(4) आवेदन–पत्र का प्रारूप विभागीय वेब साईट **www.jharkhand.gov.in/agri** अथवा **www.sameti.org** पर भी उपलब्ध है।

(5) आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण सर्वे कार्यालय, हजारीबाग / कैथा जलछाजन पार्क, कैथा, रामगढ़ में जमा लिया जायेगा।

(क) संबंधित योजना ग्राम–सभा / योजना बनाओ अभियान में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया / ग्राम प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित होनी चाहिए।

(ख) पानी पंचायत गठित कर, रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी / पदाधिकारी की उपस्थिति में) एवं पानी पंचायत के गठन की रंगीन फोटोग्राफ के साथ।

(ग) पानी पंचायत द्वारा कृषक–अंशदान 10 प्रतिशत की राशि पानी पंचायत के बचत खाता में जमा किया जाएगा।

(घ) लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में (मूल प्रति) एंव आधार नम्बर एवं मोबाईल नम्बर के साथ।

(ङ) गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना का चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।

(च) जमीन की अद्यतन रसीद, पहचान पत्र एवं अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र।

(छ) योजना स्थल के चयन में दोन–II एवं III को प्राथमिकता प्रदान किया जायेगा।

सुपात्र कृषको से विहित प्रपत्र–I में आवेदन प्राप्त किया जाएगा। साथ ही उपरोक्त कागजातों के त्रुटिपूर्ण रहने अथवा नहीं उपलब्ध कराने पर आवेदन पत्र स्वत: निरस्त माना जायेगा।

आवेदन पत्र जमा करने की तिथि 01.07.2024 से 06.07.2024 तक है एवं इसके बाद के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

**आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने का पता :– भूमि संरक्षण सर्वे कार्यालय, कनहरी हील रोड़, दीपूगढ़ा, हजारीबाग / कैथा जलछाजन पार्क, कैथा, रामगढ़।**

ह० / –

भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी हजारीबाग

PR 327904 Animal Husbandry(24-25)D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पंचतत्व में विलीन हुई पत्रकार विद्या शर्मा की मां मूलक रानी देवी

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वृहस्पतिवार को पत्रकार विद्या शर्मा की मां मूलक रानी देवी पंचतत्व में विलीन हो गई। उनके अंतिम यात्रा में कॉलेज स्टूडेंट,समाजसेवी से लेकर आम आदमी तक ने हिस्सा लिया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र धर्मनाथ शर्मा ने दी। इस मौके पर उनके परिवार वालों की ओर से भरत शर्मा, विद्या शर्मा,आलोक कुमार,आदित्य कुमार,कौशिक कुमार,प्रियेश कुमार,समेत अशोक कर,अर्जुन शर्मा, उपेंद्र शर्मा, समेत भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। बता दें कि 90 वर्षीय मूलक रानी देवी बीते बुधवार को संध्या समय ब्रह्मानंद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। मृतिका मूलक रानी देवी एक महीने पहले सोने के क्रम में पलंग से गिर गई थी।



## सरायकेला रथ मेला समिति के 17वीं बार अध्यक्ष बने मनोज चौधरी

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला में श्री जगन्नाथ रथयात्रा धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां शुरू हो गई है। मौसीबाड़ी गुंडीचा मंदिर में रथ मेला का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।वृहस्पतिवार मेला समिति की बैठक गुंडिचा मंदिर प्रांगण में मनोज कुमार चौधरी की अध्यक्षता में की गई। सर्वसम्मति से निरंतर 17वी बार मनोज कुमार चौधरी अध्यक्ष चुने गए। जबकि गोविंद उपाध्यक्ष, छोटे लाल साहू सचिव व विकास चौधरी सह सचिव चुने गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक कलाकार रूपेश साहू एवं शशांक शेखर मोहंती को मनोनीत किया गया। मेला संचालन पूजा पाठ एवं प्रसाद वितरण समिति में विक्की साहू, अमित प्रजापति, दिनेश साहू, अजय महतो रितिक साहू, रोशन साहू, गोरव नाग मोदक, विकास प्रजापति, कुनाल कुमार साहू, विकास दरोगा, बिट्टू दरोगा अन्य चयनित किए गए। बैठक में पंडित सानो आचार्य, पंडित ब्रह्मानंद महापात्र सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।



## जाल्ला व माचा सड़क दुर्घटना में तीन का टूटा पैर

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत जाल्ला मिडिल स्कूल के पास बेलटांड़-बोड़ाम मुख्य सड़क पर बुधवार की रात करीब 10 बजे हुई सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवकों के पैर टूट गए जबकि एक अन्य युवक को मामूली चोट है। तीनों पटमदा के ही महुलबना गांव के निवासी हैं और शादी समारोह में शामिल होने के लिए एक बाइक पर सवार होकर पवनपुर गांव जा रहे थे। इस घटना में मलिंद्र मांडी (19 वर्ष) एवं बीरबल मांडी (20 वर्ष) के पैर टूट गए जबकि उनके एक अन्य साथी लोबिन मांडी को हल्की चोट है। सूचना मिलते ही झामुमो नेता सुभाष कर्मकार ने विधायक निधि से प्रदत्त एंबुलेंस को भेजकर घायलों की मदद करते हुए माचा अस्पताल पहुंचाया जबकि पटमदा पुलिस भी घायलों की मदद में घटनास्थल से लेकर अस्पताल तक सक्रिय नजर आई। यहां प्राथमिक उपचार के बाद एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी ओर पटमदा थाना क्षेत्र के माचा गांव में एक कार को ओवरटेक करने के चक्कर में तेज रफ्तार बाइक ने एक राहगीर को टक्कर मार दी। इससे माचा निवासी करीब 58 वर्षीय दुलाल सरदार गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके दोनों पैर टूट गए। अभी उनका इलाज जमशेदपुर के एक नर्सिंग होम में चल रहा है। इस संबंध में पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत से पूछने पर उन्होंने बताया कि पुलिस के पहुंचने के पूर्व ही बाइक चालक द्वारा घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने पर नाम, पता की जानकारी नहीं मिल पाई है।

## कुचाई के बीआरसी में दिव्यांग बच्चों की जांच एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर कल

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सरायकेला खरसावां के निर्देशानुसार दिव्यांग बच्चों के लिए आगामी 29 जून शनिवार को प्रखंड संसाधन केंद्र कुचाई में प्रखंड स्तरीय जांच एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर की जानकारी देते हुए फिजियोथैरेपिस्ट आदित्य कुमार ने बताया कि कुचाई प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालय से 3 वर्ष आयु से 18 वर्ष की आयु वाले दिव्यांग बच्चों का जांच किया जायेगा। साथ ही सभी दिव्यांग बच्चों को दो पासपोर्ट साइज फोटो आधार कार्ड का छाया प्रति बैंक पासबुक का छाया प्रति दिव्यांगता प्रमाण पत्र की छाया प्रति ए प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।



## सहायक अध्यापक संघ के मुद्दों को लेकर विधायक मंगल कालिंदी ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र के बोड़ाम एवं पटमदा प्रखंड के सहायक अध्यापक संघ इकाई द्वारा समर्पित ज्ञापन में वर्णित माँगों के समुचित समाधान के संबंध में विधायक मंगल कालिंदी ने गुरूवार को रांची प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के अनुसार सहायक अध्यापक संघ, बोड़ाम एवं पटमदा प्रखंड ईकाई के बहुप्रतीक्षित एवं न्यायसंगत मांगों पर सहानुभूति पूर्वक कारवाई करने का कष्ट किया जाये। ताकि सहायक अध्यापकों के चुनाव पूर्व किए गए वादे पूरा हों सके। विधायक ने कहा कि सहायक अध्यापकों की मांग वेतनमान एवं राज्यकर्मी का दर्जा देने, अल्पसंख्यक विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों के तर्ज पर वेतनमान (9300-34800) एवं बिहार राज्य के तर्ज पर राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान किया जाय।2018 के आंदोलन में सहायक अध्यापकों के उपर दर्ज मुकदमा को वापस लिया जाए। इसके आलावे अन्य कई मांगें शामिल हैं।



### समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला समन्वय समिति की बैठक, बोले

# टाइमलाइन में योजनाएं पूरा करें

**- आधारभूत संरचना निर्माण में भूमि हस्तांतरण से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता पर निष्पादित करें**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर बल देते हुए पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि टाइमलाइन में योजनाएं पूर्ण हों इसका विशेष ध्यान रखें।

**गांव और पंचायत योजना विहिन नहीं हो:-**

उपायुक्त ने कहा कि द्यकोई भी गांव और पंचायत योजनाविहिन नहीं होने चाहिए, कम से कम 5 योजनायें जरूर संचालित हों। बीडीओ प्रतिदिन मॉनिटरिंग करेंगे। बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। जेएसएलपीएस से जुड़े सखी मंडलो की महिलाओं को योजनाओं में इन्वॉल्वमेंट बढ़ाने का निर्देश गया। स्वीकृत योजनाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारें। पहले किश्त के बाद दूसरे किश्त की राशि लाभुकों को जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया।

**अभियान चलाकर योजनाओं को गति दें:-**

जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि 15वें वित्त की राशि का शत प्रतिशत व्यय हो इसे सुनिश्चित करें। पंचायत भवन में नियत समय में कर्मचारी उपस्थित रहें तथा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायें, योजनाओं से जोड़ें। वैसे सरकारी स्कूल या आंगनबाड़ी केन्द्र जहां पेयजल और विद्युत आपूर्ति की समस्या हो तो प्रखंड विकास पदाधिकारी संबंधित विभागीय पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर समस्या का निदान करें। साइकिल वितरण की समीक्षा में सभी बीडीओ को निर्देशित किया गया कि जितना जल्दी हो कक्षा 8 में नामांकित सभी बच्चों को साइकिल उपलब्ध कराते हुए प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। बैंक खाता में किसी प्रकार की त्रुटि से छात्रवृत्ति की राशि छात्रों को नहीं मिल पा रही हो तो इसका बैंकों से समन्वय बनाते हुए निदान करें। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के बारे में छात्रों को जागरूक करें ताकि 12वीं कक्षा के बाद वे उच्च शिक्षा के लिए इसका लाभ ले सकें। पीएम-अभीम योजना के तहत भवन विहीन स्वास्थ्य उप केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अन्य स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण कार्य पर चर्चा की गई। साथ ही पंचायत स्तरीय दवा दुकान योजना में प्रगति की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का निदेश दिया गया। अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, चिकित्सक व कर्मियों की उपस्थिति व परिसर की साफ-सफाई पर बल दिया गया।

**म्यूटेशन या जमीन से जुड़े मामलों का समयबद्ध निष्पादन करें:-**

दोनों अनुमंडल के एलआरडीसी एवं सीओ को नियमित कोर्ट करने का निदेश दिया गया ताकि जमीन से जुड़े मामले का सयमबद्ध निष्पादन हो। वहीं म्यूटेशन के आवेदनों का तय टाइमलाइन में निष्पादन और रिजेक्शन की स्थिति में उचित कारण बताते हुए रिजेक्ट करने का निर्देश दिया गया । बैठक में कब्रिस्तान की पक्की घेराबंदी योजना, सरना, मसना, जाहेरस्थान व हड़गड़ी विकास योजना, आदिवासी संस्कृति एवं कला केंद्र, वन अधिकार अधिनियम, आवासीय विद्यालय जीर्णोद्धार योजना की समीक्षा कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । सीएमईजीपी के चयनित लाभुकों का द्वितीय किश्त के भुगतान के लिए प्रखंडों को सत्यापन के लिए भेजे के आवेदनों का समय पर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों को जोड़ने एवं एस्क्रो अकाउंट खोलने के लिए कैंप मोड में कार्य कर 10 दिनों में शत प्रतिशत लाभुकों को पशुधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, पीडी आईडीटीए, अपर उपायुक्त समेत जिला स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ व तकनीकी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विवेक विद्यालय में आयोजित नशा मुक्त भारत अभियान संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विवेक विद्यालय छोटा गोविंदपुर के प्रांगण में पिछले एक सप्ताह से चल रहे नशा मुक्त भारत अभियान का समापन हुआ। इस दौरान विभिन्न क्रियाकलाप एवं प्रतियोगिताएं जैसे चित्रांकन प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, कविता पाठ, जागरूकता रैली, आदि का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया तथा सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य अवधेश सिंह ने कहा कि आज के समय में समाज को नशा मुक्त बनाना एक चुनौती है जिसको सफल बनाने हेतु हम सभी प्रयासरत हैं।

## आदित्यपुर में लोजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश सचिव मनोज पासवान के नेतृत्व में गुरुवार को आदित्यपुर बाजार में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान डोर टू डोर घूम-घूम कर दुकानदारों को पार्टी के संगठन की मजबूती हेतु सदस्यता दिलाया गया। साथ ही उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की उपलब्धि व उनके कार्यों तथा विचारों को बताया गया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और नए सदस्यों को पार्टी संगठन से जोड़ा जाएगा। इस मौके पर राजू कुमार, शेखर सिंह, संजय पंडित, प्रेम गुप्ता, बिंदेश्वर प्रसाद, राज किशोर गुप्ता, मदन मोहन गुप्ता, सचिन प्रजापति, अभय पंडित, गोविंद गुप्ता, मोहम्मद साहिन, श्याम नारायण सिंह, मोहमद राजू, चुन्नू पंडित, विकाश प्रसाद, रोशन सिंह, सत्येंद्र सिंह, मनोज झा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## युवा लीडर लड़कियों का प्रखंड स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वोलंटरी एक्शन (युवा) एवं कॉमिक रिलीफ क्रिया के संयुक्त तत्वावधान में पोटका प्रखंड के तेंतला पंचायत में युवा लीडर लड़कियों का प्रखंड स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण विषय जेंडर एवं जाति को लेकर किया गया। युवा की सदस्य चांदमनी सवैयां ने सभी का स्वागत किया। प्रॉजेक्ट कॉर्डिनेटर अंजना देवगम ने जाति आधारित हिंसा, छुआछूत, प्रथाएं व कामों के विभाजन किस तरह से हमारी यौनिकता, अवसर, गतिशीलता को प्रभावित कर रहे है, पर विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में 15 पंचायत की 30 लीडर लड़कियों ने भाग लिया।

## एनआईटी जमशेदपुर में शोध : डीजल आयात बिल को कम करने के लिए करंजा तेल से बायोडीजल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एनआईटी जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में अनुसंधान डॉ अनिल कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन में एमडी अशफाक आलम द्वारा किया गया है। शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि करंजा बीज आधारित बायोडीजल में विदेशों से डीजल आयात को 20 प्रतिशत तक कम करने की क्षमता है। करंजा बायोडीजल और नाइट्रोमेथेन के साथ मिश्रित डीजल ईंधन का उपयोग परिवहन इंजन चलाने के लिए किया जा सकता है और यह कम प्रदूषण भी देता है जिससे जलवायु परिवर्तन की संभावना कम होती है। खरंजा के बीज झारखंड के एक देशी पेड़ द्वारा उत्पादित होते हैं और बीज उत्पादन की मात्रा महत्वपूर्ण होती है। एनआईटी के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के एचओडी प्रोफेसर संजय ने इस तथ्य पर प्रकाश डालते हुए अनुसंधान टीम को बधाई दी कि यह निष्कर्ष वन विभाग को अधिक खरंजा पेड़ लगाने और विदेशी मुद्रा और ग्रह को बचाने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। इस पीएचडी के लिए रक्षा विशेषज्ञ एनआईटी पटना के प्रोफेसर ओम प्रकाश थे। साथ ही कार्य को पीएचडी पुरस्कार की अनुशंसा की गई। डिग्री दी और शोध निष्कर्षों की सराहना की।।निदेशक, प्रोफेसर गौतम सूत्रधर ने टीम को और भी प्रभावशाली शोध जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।



## मायुमं अचीवर्स शाखा के शिविर में 130 रक्त यूनिट संग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा अपना फॉर्मेशन वीक मनाया जा रहा हैं। पहले दिन गुरूवार को बिस्टुपुर स्थित सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 130 रक्त यूनिट संग्रह हुआ। इस शिविर के सौजन्य कर्ता स्वर्गीय दीनानाथ अग्रवाल और स्वर्गीय सीता देवी अग्रवाल के स्मृति में उनके परिवार द्वारा और शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगसिया की अध्यक्षता में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा के सभी सदस्यों ने रक्तदाताओं के उल्लेखनीय समर्थन के लिए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, प्रांतीय रक्त संयोजक पिंकेश खंडेलवाल, प्रांतीय महासचिव सार्थक अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुगम सरायवाला, विजय आनंद मूनका, मानव केडिया, दिनेश कुमार, अमित अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, पुनित कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल (गोल्डी), भरत मकानी, सुरेश शर्मा (लिप्पू), सन्नी संघी, विजय शंकर आदि शामिल हुए और रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। इसे सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगसिया, शाखा सचिव विजय सोनी, शाखा कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, रक्त संयोजक शिव चौधरी, मुकेश अग्रवाल, सिद्धांत रिंगसिया, अंशुल सावा, अनुज सरायवाला, गौरव अग्रवाल, महेश अग्रवाल, विवेक अग्रवाल आदि का योगदान रहा।



## एक्सएलआरआइ ने आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए इकट्ठे किए 2.10 लाख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सीआइआइ वाइआइ की ओर से आयोजित एक साइलेंट ऑक्शन के माध्यम से एक्सएलआरआइ ने 2.1 लाख रुपये से अधिक राशि एकत्र की है. यह राशि फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल सोसायटी को दान की जाएगी. यह लगातार तीसरा साल है जब यह परोपकारी पहल की जा रही है.इस साइलेंट ऑक्शन में एक्सएलआरआइ के छात्र, अलग-अलग समितियों और फैकल्टी सदस्यों ने भी हिस्सा लिया. उन्होंने डिनर, ट्यूटोरिंग सेशन्स, गिटार लेसन, किताबें, पेंटिंग्स और अन्य कई आइटम्स ऑफर किए, जिन पर बोली लगाई गई. ये सभी आइटम्स एक्सएलआरआइ के छात्रों द्वारा खरीदे गए और सभी राशि दान कर दी गई. इस मौके पर राजेश मित्तल और अभिषेक गर्ग ने संगठन की तरफ से चेक प्राप्त किया. एक्सएलआरआइ के प्रवक्ता ने कहा कि ट्राइबल सोसाइटी के साथियों को उक्त राशि देने में सुखद अनुभूति हो रही है. वहीं सीआइआइआइ यंग इंडियन की सेक्रेटरी, स्मृति गुप्ता ने इसके लिए डीन एडमिनिस्ट्रेशन और एसोसिएट डीन स्टूडेंट अफेयर्स के प्रति आभार जताया।



## सीओ के खिलाफ शिकायत की जांच करने गम्हरिया प्रखंड कार्यालय पहुंचे प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** भाजपा नेता संतोष कुमार तिवारी द्वारा सीओ कमल किशोर के खिलाफ घूस मांगने के आरोप की जांच करने प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत गुरुवार को गम्हरिया प्रखंड कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उंक्त आरोप के बावत सीओ समेत अन्य कर्मियों से जानकारी प्राप्त की। विदित है कि इससे पूर्व प्रशिक्षु आईएएस द्वारा महिला बिदामी देवी और संतोष तिवारी से भी पूछताछ की जा चुकी है। गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को संतोष कुमार तिवारी ने उपायुक्त के जनता दरबार में गम्हरिया सीओ पर जमीन के कागजात को ऑनलाइन करने के एवज में 20 हजार रुपए घूस मांगने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। तत्पश्चात, उपायुक्त ने मामले के जांच का जिम्मा प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी कुमार रजत को दी थी। उसके बाद गुरुवार को उंक्त शिकायत की जांच करने प्रशिक्षु आईएएस गम्हरिया प्रखंड कार्यालय पहुंचे। हालांकि, खुद पर लगे आरोपों को सीओ कमल किशोर ने बेबुनियाद और मनगढ़ंत बताया है। उन्होंने कहा कि किसी तरह के पैसों की मांग नहीं की गई है। कर्मचारी ने जो जांच प्रतिवेदन दिया है उसके आधार पर पंजी- 2 में आवेदक का नाम दर्ज नहीं है। किंतु, संतोष तिवारी ने इसे मानने से इंकार करते हुए गलत तरीके से ऑनलाइन चढ़ाने का दबाव देने का प्रयास किया। ऐसा नहीं करने पर मुझ पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है।



## जमशेदपुर एफसी ने गोलकीपर अमृत गोप को किया साइन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के स्थानीय युवा गोलकीपर अमृत गोप को जमशेदपुर एफसी ने एक साल से अधिक समय के लिए साइन किया है। 6 फीट 4 इंच लंबे गोप क्लब के फैंस के लिए एक जाना-पहचाना चेहरा है, जो 2018-19 सत्र के दौरान जमशेदपुर एफसी रिजर्व का हिस्सा रहे थे, जहां उन्होंने सेकेंड डिवीजन आई-लीग में 12 मैच खेले.2019-20 अभियान से पहले, गोप को सीनियर टीम में जगह दी गई, जो रेड माइनर्स की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम का हिस्सा बने. उसके बाद उनके करियर ने उन्हें टीआरएयू में स्थानांतरित कर दिया, जहां उन्होंने आई-लीग में दो सफल सत्रों में 16 मैच खेले. उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें बेंगलुरु एफसी ने साइन किया.जमशेदपुर एफसी में वापसी पर अमृत गोप ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह मेरी धरती है और मैं इंडियन सुपर लीग में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए खुशी और गर्व महसूस कर रहा हूं. मैं इस सीजन में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हूं. मैं हेड कोच खालिद जमील के मार्गदर्शन में खेलने के लिए भाग्यशाली महसूस करता हूं. वह भारत के बेहतरीन कोचों में से एक हैं और मुझे विश्वास है कि उनकी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन मेरे प्रदर्शन को बेहतर बनाएगा. हेड कोच खालिद जमील ने साइन को लेकर अपनी खुशी जाहिर की और कहा, %अमृत गोप हमारी टीम में एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जो हमारे गोलकीपिंग की गहराई को बढ़ाते हैं. स्थानीय प्रतिभा होने के नाते, वह झारखंड से अधिक खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने के हमारे दृष्टिकोण में भी फिट बैठते हैं.अमृत जमशेदपुर की गोलकीपिंग लाइन अप में विशाल यादव, मोहित धामी और आयुष जेना के साथ शामिल होंगे।



## साई स्कैन एण्ड डायग्नोस्टिक सेंटर में मारपीट की घटना की आईएमए ने की निंदा, कार्रवाई की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आम बगान साकची स्थित साई स्कैन एण्ड डायग्नोस्टिक सेंटर प्रा लिमिटेड में लगभग 20 से 25 लोगों द्वारा जबरन घुसकर मारपीट एवं धमकी दिये जाने को इंडियन मेडिकल एशोसिएशन ने गम्भीरता से लिया है एवं एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने हुए आईएमए के सचिव डा सौरभ चौधरी, अध्यक्ष, झारखण्ड आई आर ए डॉ नीरज, डॉ निलम जैन, डॉ दीपक, डॉ सुषमिता रेणु आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि उक्त घटना का हम कड़ा विरोध व्यक्त करते हैं एवं उक्त घटना में शामिल लोगों के प्रति कड़ी कार्रवाई करने की प्रशासन से अनुरोध करते हैं। हाल के दिनों में इस तरह की घटनाओं में वृद्धि हुई है। उक्त घटना की जानकारी देते हुए साई स्कैन एण्ड डायग्नोस्टिक सेंटर के प्रबंध निदेशिका 84 वर्षीय वरीय डॉ सुधा झिंगन ने कहा कि 23 जून को संध्या लगभग 5 बजे एक मरीज जिसका नाम आरफा बानो था उनका अल्ट्रासाउंड हमारे यहां हुआ था और उसका रिपोर्ट एकदम सही था। वह बीमारी जिसे ओबेरियन टॉसन कहते हैं जो स्वयं से भी सुधर सकता है जो इस मरीज अरफा बानो के साथ हुआ किन्तु उसके परिजन इस बात को मानने के लिए तैयार ही नहीं थे। उन्होंने सेंटर को नुकसान पहुँचाने के मकसद से जबरन प्रवेश करते हुए कैश काउंटर पर मौजूद कर्मचारी के साथ गाली-ग्लौज और हंगामा करने लगे साथ ही अल्ट्रासाउंड के लिए आये गर्भवती महिलाएं जो प्रतिक्षा कक्ष में बैंठी हुई थीं उनके साथ भी बदसलुकी की गई और सेंटर को बंद कराने की धमकी देने लगे। उक्त रिपोर्ट के बारे में डॉ सुधा झिंगन ने कहा कि हमारे यहां किसी भी तरह की जाँच खासकर अल्ट्रासाउंड की रिपोर्ट को काफी जाँच परख कर ही तैयार की जाती है और उक्त दिन की सभी अल्ट्रासाउंड को रिकार्ड मशीन में सहेज कर रखा जाता है जिसे कोई भी जाँच कर सकता है। पुनः उन्होंने प्रशासन से उक्त घटना में शामिल लोगों के प्रति कड़ी कार्रवाई करने की माँग की है।



## एबीवीपी के कमलेश उरांव ने बच्चों के बीच पुस्तक एंव पेनसील बॉक्स का किया वितरण



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुगिला में अखिल भारतीय विधार्थी परिषद झारखण्ड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उराँव के द्वारा बच्चों के बीच पुस्तक एवं स्टोमेन बॉक्स का वितरण किया गया। कमलेश उराँव ने बताया कि शिक्षा एक वो शेरनी का दूध है जो जितना पियेगा उतना ही दहाड़ेगा,क्योंकि शिक्षा हमें ज्ञान,कौशल,आत्मविश्वास,आत्मनिर्भरता और समाज में एक सकारात्मक भूमिका निभाने में मदद करती है शिक्षा हमारे व्यक्तित्व चरित्र और आदर्शों का निर्माण करती है,शिक्षा हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाती है और हमें देश के विकास और प्रगति में योगदान करने का अवसर देती है।

## समाजसेवी ने पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के समाहरणालय प्रवेश द्वार के पास बृहस्पतिवार को समाजसेवी जितेंद्र कुमार ने पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। समाजसेवी श्री कुमार ने कहा कि पत्रकार समाज के दर्पण होते हैं, उन्हीं के बदौलत समाज की अच्छाई और कुरीतियों लोगों के समक्ष प्रस्तुत की जाती है। ऐसे में पत्रकार के हित का ख्याल रखना चाहिए। बता दें कि समाजसेवी श्री कुमार के द्वारा समय-समय पर अनाथ बच्चों के लिए खाद्य सामग्री पुस्तक, पेन पेंसिल एवं कपड़ों का वितरण किया जाता है। सम्मानित होने वालों में वरीय पत्रकार रामकुमार, संजय प्रजापति, राहुल पाण्डेय, विवेक सिन्हा, अमित कुमार, रूपेश अग्रवाल, संतोष कुमार,निरज सिन्हा,संजित पांडेय समेत कई लोग शामिल रहे।

## बारियातू लेम्पस मे किसानो को मक्का बीज वितरण किया गया




**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित लेम्पस मे प्रखण्ड क्षेत्र के किसानोके बीच मक्का बीज का वितरण किया गया।इस संबन्ध में जानकारी देते हुए सचिव राकेश कुमार ने बताया कि कृषको को मक्का बीज प्रत्येक किसान को दस किलो 120 रू प्रति किलो के दर से दिया गया। खबर लिखें जाने तक तीस किसानो के बीच मक्का बीज बितरण किया गया था। मौके पर जिप सदस्य रमेश राम, बीसीओ सुमन सिंह अध्यक्ष अनिल उरांव, सचिव राकेश कुमार, लवकुश कुमार सिंह, राजकुमारी उरांव, सीला देवी,बुधनी देवी इश्वरी भगत सहित कई कृषक मोजुद रहे.

## भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक कर उपायुक्त ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य रूप से रेलवे विभाग, पथ निर्माण, Pvunl, Dvc, NH, NHAI, TVNL आदि परियोजना के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। मुआवजा भुगतान के लंबित मामलों को यथाशीघ्र अंचल स्तर पर शिविर लगाकर निष्पादित करने का निर्देश भू अर्जन पदाधिकारी को दिया गया। वंशावली, एलसी, आदि सत्यापन का कार्य अंचल अधिकारी स्तर से ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। 80त्न से अधिक मुआवजा राशि वितरण होने वाले परियोजनाओं का अधियाची विभाग को देखल देहानी देने का निर्देश दिया गया। ह्माढ्ढ पैकेज 2 उदयपुरा से भोगू तक भू अर्जन से संबंधित मुआवजा का भुगतान के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

साथी ही NHAI पैकेज 1 कुडू से उदयपुरा के भू अर्जन से संबंधित सभी ग्रामों के पंचाटियों को मुआवजा भुगतान हेतु नोटिस निर्गत कर अंचल स्तर पर शिविर लगाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार एनटीपीसी के रेलवे लाइन निर्माण से संबंधित भूक्कअर्जन का कार्य पथ निर्माण से संबंधित लातेहार, हेरहंज, नवादा पथ चौड़ीकरण, ब्रहमणि से मसियातु, ओल्हेपाट, पथपेटी तक पथ निर्माण, बालूमाथ,ओल्हेपाट, उदयपुरा पथ निर्माण, मनिका ब्लॉक से हेरहंज, मटलौंग पथ चौड़ीकरण, चंदवा , बरियातू पथ सौपारण चौड़ीकरण, सिकनी से रिचुघुटा पथ चौड़ीकरण, बरवाडीह से हुटार पथ चौड़ीकरण, हामी से ओरसा पथ चौड़ीकरण से संबंधित मुआवजा भुगतान कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, भू-अर्जन कार्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बेलवाही डैम जिर्णोद्धार कार्य में हो रही खानापूर्ति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत बेतला पंचायत के बेलवाही डैम जिर्णोद्धार कार्य लघु सिंचाई योजना के तहत संबंधित कनीय अभियंता की देखरेख में किया जा रहा है। जहां योजना स्थल पर योजना से संबंधित शिलापट्ट नहीं देखा गया मतलब साफ है कि पार्दर्शिता नहीं हो।बताया जा रहा है कि योजना कार्य की लागत लगभग 33 लाख रुपए है जो रनिंग अवधि में है फिर भी माने तो सत्तर फीसदी कार्य पूर्ण कर लिया गया है जबकि कार्य स्थल के मुआयना से साफ दिखाई दे रहा है कि जिर्णोद्धार कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। जहां डैम से मिट्टी उठाव का अनुमानित मूल्यांकन महज दो से तीन लाख राशि का है जो मिट्टी उठाव कर बांध ड्रेसिंग किया गया है। मानें तो बांध ड्रेसिंग के लिए सबसे पहले पुरे बांध को जेसीबी मशीन से खोदा गया फिर डैम के बाहर लगभग हजार मीटर की दूरी से कुछ मिट्टी उठाकर बांध पर डालकर ड्रेसिंग किया गया है।वहीं योजना कार्य में आउट लेट तो बना दिया गया है पर ग्रामीण की मानें तो उधर से पानी का निकास कभी भी नहीं हुआ है क्योंकि डैम में पानी का आवक कहीं नहीं है डैम के दो तरफ उपरी भाग ऊंचाई पर स्थित है । वहीं उपयोगिता की बात करें तो डैम के तीन तरफ वन विभाग की भूमि रिजर्व है और डैम के निचले हिस्से में महज दो से चार हेक्टेयर सिंचित भूमि का क्षेत्रफल नजर आता है जो योजना की उपयोगिता पर सवाल खड़ा करता है । माना जाता है कि योजना क्रियान्वित करने की योजना बनाने वाले कर्मचारी व अधिकारी बिना उपयोगी स्थल चयनित करने को लेकर आस्वस्त रहते हैं कि भ्रष्टाचार करने का बेहतरीन मौका बनता है। यही वजह है कि योजना कार्य रनिंग अवधि में रहने से संबंधित कर्मियों का मनोबल बढ़ा रहता है कि वर्तमान में कोई सवाल खड़ा न हो पर क्रियान्वित योजना के संवेदक व विभाग के कर्मियों को पता है कि एक बार जमकर बारिश हो जाए तो बात बन जाए। आगे देखना है कि वरीय अधिकारी की नजर डैम गहरी करण कार्य में खानापूर्ति पर पड़ती है या फिर दरकिनार किया जा रहा है।



# 50 बेड के बन रहे कोविड सेंटर के डीपी में गड़बड़ झाला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के एक मात्र रेफरल हॉस्पिटल मैदान में आपातकालीन 50 बेड का कोविड़ सेंटर निर्माण कराया जा रहा है जब की यह निर्माण लाखों की लागत से की जा रही है। परंतु निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा जैसे तैसे बना कर रुपए निकासी में लगे हुए है। जबकि किसी भी बिल्डिंग या मकान निर्माण कार्य में डेनफ्रस और बीम की अहम भूमिका होती है।

जहां कोवीड सेंटर निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा बीम की ढलाई में वगैर भेबरेटर चलाए हीं ढाल दी गई है जिससे डाले गए छड़ बाहर से हीं दिख रही है।वहीं समुचित सीमेंट का मात्रा में भी कमी की गई है। जिसके कारण यह कोविड सेंटर की नीव कमजोर बनाई जा रही है। वैसे में उसी पर नट बॉल्ट के माध्यम से स्टेक्चर खड़ा कर वारे न्यारे करने में लगा हुआ है। आपको बता दें की यह कोविड सेंटर आपातकालीन प्रिस्थियों से निबटने के लिए 50 बेड का निर्माण किया जा रहा है। चुकी पिछले कोविड लक्षण के कारण इलाज के अभाव एवं समुचित जगह के कारण कितने लोगों की जाने चली गई। इसी कारण से अनुमंडल कार्यालय के सिमरिया में कोविड़ से बचाव के लिए यह निर्माण कराया जा रहा है ।परंतु निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा जैसे तैसे बना कर कार्य पूर्ण करने के फिराक में लगा हुआ है।

# तिरंगा का बालूमाथ उच्च विद्यालय में हो रहा है अपमान



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रूबी बानो की लापरवाही के कारण शान से फहराया जाने वाला तिरंगा का अपमान हो रहा है। विद्यालय के मेन गेट में दो बड़ा-बड़ा फटा हुआ तिरंगा झंडा पिछले कई दिनों से लहरा रहा है। वही एक फटा तिरंगा झंडा विद्यालय के अंदर वाले गेट पर लहरा रहा है। इस फटा हुआ तिरंगा को हटाने के लिए ना तो विद्यालय के प्रधानाध्यापक रुची लिए हैं ना ही इस पर विद्यालय के कोई शिक्षक का ध्यान गया है ।इससे पूर्व भी 26 जनवरी को झंडोतोलन के समय तिरंगा झंडा के बगल में ही एक बड़ा काला झंडा लहरा रहा था। जिसका बालूमाथ के लोगों ने विरोध किया था उसके बाद काला झंडा को हटाया गया था ।विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा पुनःवही गलती दोहराई गई जिससे यहां के लोगों में रोष व्याप्त है ।जबकि नियम के तहत फटा हुआ तिरंगा फहराने में ध्वज सहिंता की धारा 2 में कहा गया है कि कोई व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते हैं, कुचलते या फाड़ते है या नियम के विरुद्ध झंडोतोलन करते पाया जाता है तो उसे 3 साल का सजा एवं जुर्माना देने का दंड मिल सकता है ।या उस व्यक्ति को जेल या जुर्माना दोनों ही सजा दी जा सकती है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक रूबी बानो से पूछे जाने पर झुठलाते हुवे कहा कि यह झंडा मेरे कैंपस से बाहर लगाया गया है। वही इस संबंध में बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि प्रधानाध्यापक को फटा हुआ झंडा नहीं फहराना चाहिए इसे अविलंब उतार देना चाहिए।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से संबंधित समीक्षा बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से संबंधित समीक्षा बैठक की गई।बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत सुक्ष्म ऋण, व्यवसाय और वाहन के लिए ऋण दिया जाता है। जिससे योग्य आवेदक इस ऋण के माध्यम से रोजगार कर अपने आय को बढ़ा सकते हैं।

इस योजना के अंतर्गत चतरा जिला में अभी तक 134 लाभुकों को योजना का लाभ दिया जा चुका है। इस पर उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों को ऋण दिया जा चुका है, उसकी जांच प्रखण्ड विकास पदाधिकारी स्तर से करने के बाद ही उसकी दूसरी किस्त की राशि भुगतान करें, साथ ही लाभुकों पर सफलता की कहानी भी बनाने का निदेश दिया। आगे जानकारी दी गयी कि वर्ष 2023-24 के लिए 259 आवेदनों को स्वीकृति उपरांत निगम को भेजा गया है। इस योजना के अंतर्गत सूक्ष्म ऋण 50000/- ( किराना दूकान, कपड़ा दूकान, पान दूकान, सैलुन दूकान इत्यादि), व्यवसाय ऋण-50001/- से 2500000 / - ( किराना दूकान, जनरल स्टोर दूकान, छड़ एवं सिमेंट दूकान, हार्डवेयर दूकान, इलेक्ट्रोनिक दूकान इत्यादी) एवं वाहन ऋण - 50001 /- से 2500000 / - (6 सीट वाले से उपर वाले वाहन जैसे बोलेरो, इनोभा, ट्रेक्टर इत्यादी) दिया जाता है कि जानकारी दी गई। इसपर उपायुक्त ने कहा योग्य एवं पात्रता रखने वाले लोगों को इस योजना का लाभ में यह सुनिश्चित करें। दस्तावेजों व भौतिक सत्यापन के पश्चात ही ऋण देने की कार्रवाई करें।उन्होंने आगे कहा प्रतापपुर प्रखंड के हिंदिया कला में कुछ दिन पहले पंकज बिरहोर की मृत्यु हुई है उनके परिजन को कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला अग्रणी प्रबंधक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## कुंदा में सहायिका पद के लिए आठ लोगों ने दिया आवेदन



**कुंदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आंगनबाड़ी केंद्र कुंदा में सहायिका चयन को लेकर गुरुवार को आमसभा का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता मुखिया मनोज कुमार साहु व संचालन प्रतापपुर सीओ सह प्रभारी सीडीपीओ नित्यानंद दास ने किया ग्रामसभा बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से कराया गया।इसमें सहायिका पद के लिए कुल आठ आवेदकों ने आवेदन जमा किया जिसमें पिछड़ा वर्ग के छः व एसटी के दो आवेदन प्राप्त हुआ। प्रभारी सीडीपीओ ने चयन की प्रक्रिया व साहायिका के पद पर चयनित अभ्यर्थियों के कार्य एवं दायित्व के बारे में बताया गया कुंदा में साहायिका पद के लिए पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है साथ 28 जून को खपिया व मेदवाडीह आंगनवाड़ी केंद्र पर सहायिका पद के लिए ग्राम सभा किया जाएगा।मालूम हो कि तीनों केंद्र पर सहायिका का कार्यकाल समाप्त होने पर कई माह से पद रिक्त था केंद्र संचालन में काफी परेशानी होता देख सहायिका पद का चुनाव हेतु ग्रामसभा कराया गया है इस मौके पर महिला पर्यवेक्षिका यशोदा कुमारी,सेविका आशा देवी,वार्ड सदस्य रवि कुमार समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## हरदियाटांड़ गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**कुंदा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिकीदाग पंचायत के हरदियाटांड़ गांव स्थित आदिम जनजाति टोला में गुरुवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया।शिविर में महिला,पुरुष व कई बच्चों को स्वास्थ्य जांच कर उन्हें जरूरत के अनुसार दवा दिया गया।बीडीओ विवेक कुमार ने सभी आदिम जनजाति परिवार के लोगों के साथ जनसमस्या को लेकर बैठक कर गांव में मूलभूत सुविधा उपलब्ध व सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।परिवारों को स्वच्छता पर जोर दिया कहा कि हर रोज अपने अपने बच्चों को स्कूल व आंगनवाड़ी केंद्र भेजें बच्चों को शिक्षा बहुत ही जरूरी है।

## राशन कार्ड को लेकर शिविर का हुआ आयोजन

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव के द्वारा झारखंड सरकार खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा बनाए जा रहे ग्रीन कार्ड,राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड को लेकर बसिया एवं मारंगलोइया पंचायत सचिवालय में शिविर लगाया गया ।आयोजित शिविर में नया राशन कार्ड हेतु 17 आवेदन,नाम जोड़ने हेतु 31,नाम हटाना 48,राशनकार्ड नाम सुधार के लिए 5,वही आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए 40 आवेदन प्राप्त हुए । मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ वीडियो सोमा उरांव ने बताया की आज मुरपा,भगिया शनिवार को धाधु और रविवार को गणेशपुर एवं शेरेगड़ा में शिविर का आयोजन किया जाएगा । इसको लेकर उन्होंने ग्रामीणों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का अपील किया ।

# बरवाडीह में अधिकांश मनरेगा योजना धरातल पर ही नहीं, भुगतान कंप्लीट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के मनरेगा योजना का क्रियान्वयन में जमकर धांधली हुई है। जहां मनरेगा योजना के तहत आम बागवानी, संवर्धन सिंचाई कुप निर्माण, टीसीबी,मेढ़बंदी समेत अन्य योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। योजनाओं का क्रियान्वयन सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है। जहां मनरेगा योजनाओं से बिचौलिए , मनरेगा कर्मियों के साथ आला अधिकारी लाभान्वित हो रहे हैं वहीं लाभुकों को पता भी नहीं कि हमारे भूमि पर मनरेगा योजना भी स्थापित है। जहां योजनाओं की बात करें तो धरातल पर दिखता ही नहीं और उसके फाइनल एमबी बुक के साथ भुगतान भी हो गये हैं। ऐसे ही बड़े मामले प्रखंड के केड़ पंचायत का है जहां 500 मीटर के दायरे में दर्जनों योजनाएं संचालित हैं और एक ही परिवार के कई सदस्य के नाम शामिल हैं और यह बात मनरेगा कर्मियों के साथ संबंधित अधिकारियों को भी खबर है लेकिन सारे लोगों का भ्रष्टाचार से वास्ता है। सबसे बड़ी बात यह है कि लाभुकों के भूमि का क्षेत्रफल जितना है उससे कई गुना उस जगहों पर संचालित योजनाओं का क्षेत्रफल हो गया है।कहा जाता है कि मनरेगा के तहत क्रियान्वित योजनाओं में भ्रष्टाचार पर कोई अंकुश नहीं लगा सकता क्योंकि यह योजना बना ही है भ्रष्टाचार करने के लिए।

## ग्रामीणों ने मुखिया पर मनरेगा घोटाला करने का लगाया आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** बालूमाथ प्रखंड के धाधू पंचायत के।ग्रामीणों ने मुखिया पर 15 वीं वित्त एवं टीसीबी निर्माण में बिना काम किये ही पुरे पैसा का घोटाला करने एवं अबुआ आवास में पैसा लेने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देते हुए कहा कि धाधू पंचायत के मुखिया कुंवारी भगवती पति रामवृक्ष उरांव द्वारा 15 वीं वित्त से ग्राम भैसादोन नीम पेड़ से छठ घाट तक पी0 सी0 पथ निर्माण प्रा0 राशि 1,99,000/-, ग्राम भैसादोन में मुकेश यादव के घर से बिहारी यादव के घर तक नाली निर्माण प्रा0 राशि 99,000/-,. ग्राम भैसादोन में लाला यादव के घर से रा0 उ0 म0 विद्यालय तक नाली निर्माण प्रा0 राशि- 1,99,000/- का बिना काम किए ही कुल निकासी कर लिया गया है। सबसे बड़ी दुर्भाग्य कि बात है मुखिया को पैसा का ऐसा भुख लग गया कि वे निहायत गरीबों को भी नही छोड़ रहे हैं। उनसे अबुआ आवास देने के नाम पर 15 से 20 हजार रूपये खुलेयाम ले रहे हैं। पैसे देने वाले में ग्राम हेमपुर निवासी मुरारी गंझु पिता हरीलाल गंझु से 15,000/- रूपया मुखिया द्वारा लिया गया है। जो गरीब व्यक्ति हैं बैल बेच कर दिया है एवं ग्राम- मुरगांव में जोगन गंझु पिता गुंगा गंझु से15,000/- ग्राम भैसादोन में यशवंत यादव पिता कंगलू यादव से 15,000/- एवं गुड़िया देवी पिता मनीष यादव से 15,000/- रुपया का नाम शामिल है। यहां तक कि ग्राम भैसादोन स्कूल के पास खेल मैदान निर्माण में काम हुआ भी नहीं और 63,990/- रूपया का निकासी हो चुका है,।ग्राम धाधू में मॉडल स्कूल के पास खेल में मैदान निर्माण में भी 36,972/- रूपया का निकासी हो चुका है। मनरेगा योजना में बिना काम किये ही पैसा का बंदरबांट कर घोर अनियमित्ता बरती गई है जो जांच का विषय है एवं हमलोग सभी ग्राम प्रधान का रजिस्टर मुखिया पति द्वारा ले लिया गया है। और हमलोगों के बीना जानकारी के 15 वीं वित्त, मनरेगा , अबुआ आवास में पैसा लेकर लाभुकों को योजना दिया जाता है। आगे उन्होंने जिले के उपायुक्त से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मुखिया से पूछे जाने को लेकर दूरभाष संपर्क किया गया तो फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा गया।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देश पर पेयजल एवं स्वच्छता समिति की तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन की बैठक समाहरणालय सभागार में गुरूवार को सम्पन्न हुई। मौके पर निदेशालय से आये राज्य परामर्शी श्री आजाद ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के प्रमुख उद्देश्य गांवों को खुले में शौच मुक्त की स्थिति को बनाए रखना और ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रो में साफ-सफाई के स्तर में सुधार लाकर उन्हें ओडिएफ-प्लस गांव यथा स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन युक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि, हजारीबाग जिले में ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के आधार पर गांव को 5 स्टार रेटिंग तक देकर गांव यथा स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन युक्त घोषित करने का 1 दिसम्बर, 2024 तक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के तहत जिले में पेयजल एवं स्वच्छता यथा खुले में शौचमुक्त, ठोस एवं तरल कचरा प्रबन्धन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, जलीय महामारी प्रबंधन, गोबरधन, महामारी स्वच्छता प्रबधन सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को ग्राम स्तर पर निर्मित संरचनाओं को सुदृढ़ करते हुए ओडीएफ प्लस के कार्यो में 15वें वित्त की राशियों को व्यय कर संदर्भित योजनाओं के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसर के संचालन एवं निरंतर उपयोगिता बनी रहे यह सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही लक्ष्य प्राप्ति के बाद गांव स्तर पर उपलब्ध उक्त सुविधाओं के आधार पर 1, 3 एवं 5 स्टर देकर ग्राम स्तर पर ओडीएफ प्लस घोषित करने का निर्देश दिया गया। इस क्रम में गांव स्तर पर छूटे हुए लाभूकों को चिन्हित करते हुए शौचालय निर्माण करने सहित यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि गांव में ठोस कचरा, एवं तरल कचरा नहीं दिखे तथा इस प्रबधन सुव्यवस्थित ढंग से हो।

# पूर्व विधायक मनोज यादव के प्रयास से पड़ीरमा वासियों को मिला ट्रांसफार्मर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत पड़ीरमा में बीते दिनों ट्रांसफार्मर जल गया था, जिसकी सुचना ग्रामीणों ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को दी। सूचना पाते हैं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बिजली समस्या के निदान के लिए विभाग से संपर्क किया। पूर्व विधायक के प्रयास से पड़ीरमा में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर विभाग द्वारा लगाया गया। इस दौरान 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर पाकर ग्रामीणों में काफ़ी खुश और उत्साहित नजर आये। वहीं ट्रांसफार्मर का उदघाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा फीताकाट कर किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा पूर्व विधायक का आभार व्यक्त किया। वहीं पूर्व विधायक ने



कहा कि बरही बिधानसभा क्षेत्र मेरे परिवार के तरह है। हर छोटे बड़े समस्या का निपटारा करना मेरा राज धर्म है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बताएं। वे समस्याओं का समाधान कराने के लिए तत्काल पहल करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। उन्होंने ग्रामीणों से बिजली का बेहतर सदुपयोग करने का अपील भी किया। मौक़े पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, युवा भाजपा नेता सुधीर यादव, भीम यादव, रितेश गुप्ता, रोहित यादव, हरेंद्र यादव, नितीश यादव सिकंदर यादव, लोकेश यादव, शम्भू यादव, रंजीत यादव, रविंद्र यादव विजय यादव, ब्रह्मदेव यादव, मास्टर साहब, इन्दर देव यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही अड़चनों को समन्वय बनाकर दूर करने के उद्देश्य से अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा कि स्वीकृत योजनाओं को सही समय पर धरातल पर उतारने एवं अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुचाने के लिए कर्त्तव्यबोध के साथ सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर कर कार्य करें। मौके पर उन्होंने सेवा अधिकार गारंटी अधिनियम के तहत झारसेवा के माध्यम से प्रदत्त सेवाओं की समीक्षा के क्रम में अंचल एवं प्रखण्ड स्तर से शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्यों हेतु निर्गत जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्रों के निर्गत करने में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों पर उपायुक्त ने



कार्रवाई की बात कही। उन्होंने कहा कि अधिनियम के धाराओं के तहत लापरवाह अधिकारियों पर जुर्माना वसूलने की चेतावनी दी साथ ही कहा कि प्रमाण पत्र किसी व्यक्ति के भविष्य, रोजगार से जुड़ा महत्वपूर्ण दस्तावेज है अतः संवेदनशीलता के साथ निर्धारित समयसीमा के अंदर प्रमाण पत्रों का निष्पादन करें। उन्होंने प्रखंड कार्यालयों के कार्यप्रणाली में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। सरकारी योजनाओं के धरातल पर उतारने हेतु व्यक्तिगत इच्छाशक्ति का परिचय देने को कहा। लोक कल्याण से जुड़े जनता दरबार में आए मामलों के निरस रवैए पर उपायुक्त ने खासी नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारीयों को फटकार लगाई। अंचलाधिकारियों को भूमि विवादों को निबटारे में गंभीर होकर सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यकारी एजेंसियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में भूमि संबंधित मामलों के लिए राजस्व शाखा एवं अंचलाधिकारियों से समन्वय कर योजनाओं को यथाशीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया।

# सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत जिला स्तरीय 63 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ कर्जन ग्राउंड स्टेडियम हजारीबाग में उपायुक्त नैंसी सहाय जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग प्रवीण रंजन ,अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुनिला लकड़ा एवं जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया । तत्पश्चात उपायुक्त ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन कर किक मार खेल का विधिवत शुरुआत किया। मंच का संचालन संजय तिवारी ने किया। इस प्रतियोगिता में सभी 16 प्रखंडो से बालक आयु वर्ग 15 वर्ष तथा बालक/ बालिका आयु वर्ग 17 वर्ष के खिलाड़ी अपना खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।खेल का आयोजन कर्जन ग्राउंड हजारीबाग एवं न्यू स्टेडियम हजारीबाग में किया जा रहा है।कर्जन ग्राउंड में खेल का शुभारंभ कटकमसांडी और विष्णुगढ़ के बीच हुआ जिसमे विष्णुगढ़ 0-1 गोल से विजयी रहा। तत्पश्चात टाटीझरिया एवं दारू में दारू 0-4 से , बरही एवं इचाक में इचाक 0 -1 से , पदमा और चौपारन का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ जिसमें चौपारण 3 -5 से विजयी रहा। न्यू स्टेडियम हजारीबाग में बड़कागांव एवं



केरेडारी में केरेडारी पेनाल्टी शूट आउट द्वारा 2-3 से ,कटकमडाग एवं चुरचू में चुरचू 0-3 से विजयी रहा, डाडी एवं बरकठा में बरकठा टीम की अनुपस्थिति के कारण डाडी को बाई देकर अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया, चालकुशा एवं सदर में सदर 0-3 से विजयी रहा। क्वार्टर फाइनल राउंड में केरेडारी एवं चुरचू में पेनाल्टी शूटआउट में चुरचू में 1-2 से, डाडी एवं सदर में सदर पेनाल्टी शूटआउट द्वारा 2-4 से, इचाक एवं बिष्णुगढ में इचाक 0 -1 गोल से विजयी रहा। चौपारण एवं दारू में दारू 0-2 से विजयी रहा।

# दारू प्रखंड में बीडीओ की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू :** प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ हारून रशीद ने सभी रजनीतिक दलों के साथ बैठक की. विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्र मतदाताओं की समस्या पर विचार विमर्श किया. तीन विधानसभा क्षेत्र हजारीबाग, मांडू और बरकट्ठा के प्रतिनिधियों ने कई मतदान केंद्र भवन जर्जर की बात उठायी. कई मतदान केंद्र को दूसरे भवन में बदलने का प्रस्ताव पारित हुआ. हजारीबाग विस के मतदान केंद्र संख्या 482 सामुदायिक भवन इरगा को मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव लिया गया.मतदान केंद्र संख्या 485 प्राथमिक विद्यालय पिपचो पुराना भवन को आंगनबाड़ी केंद्र पिपचो, मतदान केंद्र संख्या 465 9 नव सृजित प्राथमिक विद्यालय तिलैया पश्चिम भाग को आंगनबाड़ी केंद्रक गोपलो मांडू विस के बूथ-3 प्राथमिक विद्यालय रचंगा उत्तरी भागको प्राथमिक विद्यालय रचगा का नया भवन बूथ संख्या चार प्राथमिक विद्यालय रचंगा दक्षिणी भाग को प्राथमिकविद्यालय रहमदगा करने का प्रस्ताव लिया गया है. बीडीओ ने बताया कि मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी.

## राशन कार्ड से मृत व्यक्तियों के नाम हटायें : उपायुक्त

**टाटीझरिया :** हजारीबाग जिला अंर्तगत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2005 ज्ञापांक संख्या 598 के तहत हजारीबाग के उपायुक्त नैंसी सहाय ने विभागीय आदेश पत्र जारी कर कहा की पी0एच0एच0 एवं अंत्योदय योजना के लाभुक तथा राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अच्छादित लाभुको का राशनकार्ड बना हुआ है।राशन कार्ड में ऐसे राशन कार्ड सदस्य है जिनकी मृत्यु हो चुकी है तथा राशन कार्ड से नाम नही अब तक नही हटाया गया । मृत सदस्यों का राशन उपलब्ध कराया जाना लक्षित जन वितरण प्रणाली के नियंत्रित विरुद्ध है। वही उन्होंने जिले के सभी प्रखंड के खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) को 26 जून दिन बुधवार को आदेश दिया की अपने अपने प्रखंड में जन वितरण प्रणाली दुकानदारो के माध्यम से राशन कार्ड में मृत सदस्यों की सूची तैयार कर जांच के बाद विहित पत्र को 15 जुलाई 2024 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।उन्होंने यह भी कहा है की यदि राशन कार्ड में मृत लाभुक परिवार का मुखिया हो तो उस राशन कार्ड में अन्य सदस्य जिनको परिवार में मुखिया बनाया जाना है,उनका नाम तथा अन्य सभी सदस्यों का नए मुखिया के साथ संबंध दरसाते हुए प्रतिवेदन जमा करना सुनिश्चित करे।

## सर्पदंश के कारण महिला हुई घायल

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम चेपाखुर्द में बुधवार की रात 9:30 बजे देवंती देवी (पति चंद्रदेव साहू) को रसेल वाइपर जहरीले सांप ने डस लिया। सांप के काटने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।देवंती देवी बुधवार की रात को अपने आंगन में सो कर मोबाइल देख रही थी, इसी दरमियान सांप अंदर आया और



पैर के तलवे में काट लिया, जिससे कारण महिला को चक्कर आने लगा और उल्टी होने लगी। महिला के चिल्लाने पर मोहल्ला के लोग आए और सांप को मार दिया। पैर में सांप के काटे हुए जगह पर ब्लेड से चीरकर खून निकाल दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने काफी सूझबूझ दिखलाई, देवंती की स्थिति गंभीर होते देख पदुम साव की गाड़ी से घायल महिला को तुरंत हजारीबाग सदर अस्पताल ले जाया गया। साथ में मरे हुए सांप को भी ले जाया गया ताकि पहचान के बाद डॉक्टर को इलाज करने में परेशानी नहीं हो। तुरंत इलाज हो जाने के कारण देवंती को बचा लिया गया। अब वह खतरे से बाहर है। इस संबंध में बड़कागांव चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने कहा कि सांप के काटने से मौत की खबर सबसे अधिक गांव देहात में देखा जाता रहा है। अज्ञानता के कारण मरीज को ठीक करने के लिए लोग ओझा गुनी, झाड़ फूंक करने में समय बर्बाद कर देते हैं। नियमित रूप से समय पर इलाज में देरी होने के कारण जहर पूरे शरीर में प्रवेश जाता है।

## उपायुक्त ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में आज गुरुवार को समाहरणालय सभागार में माइनिंग टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा की खनन विभाग की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है इसलिए यह आवश्यक है की सभी अधिकारी गंभीरता पूर्वक कार्यों को अंजाम दे। उन्होंने कहा जिलेभर में कई अधिकारीयों के तबादले और लोकसभा चुनाव के कारण कारवाई में कमी आई है लेकिन राज्य स्तर पर खनन विभाग की गहन और गंभीरता से समीक्षा की जाती है इसलिए तत्काल प्रभाव से अवैध खनन और बालू उठाव के मामलों पर प्रभावी कारवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके क्षेत्रों में हो रहे बालू और कोयले के अवैध परिवहन पर रोक लगाने की चेतावनी देते हुए अंकुश लगाने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग करने वाले लोगों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने सघन चेकिंग अभियान चलाने के साथ साथ पुलिस और जिला प्रशासन के संबंधित विभागों को खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# बरही आरएनवाईएम कॉलेज में स्नातक फाइनल विद्यार्थियों का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही।** रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज, बरही में स्नातक सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों का विदाई सह सम्मान समारोह स्मरणीय और हर्षोल्लासपूर्ण माहौल में धूमधाम से मनाया गया। इस भावुक और उत्सवपूर्ण आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. बिमल किशोर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सूरज कुमार पांडेय ने प्राचार्य डॉ. बिमल किशोर को बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद, उन्होंने रिबन काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान सभी विभागों के एचओडी अध्यापकों को सम्मानित किया गया। इसमें डॉ. अरुणा रानी को अभिषेक कुमार रवानी द्वारा, डॉ. संजय बर्णवाल को आर्यन कुमार द्वारा, डॉ. अजय रविदास को सीता कुमारी द्वारा, हीरामन साव को स्नेहा कुमारी द्वारा, डॉ. गिरिधारी को प्रशांत कुमार द्वारा, डॉ. ए.के. रामानुज को पवन पांडे द्वारा,नय्यर इकबाल को चांदनी कुमारी द्वारा, अजय प्रताप




सिंह को सैनिता कुमारी द्वारा, बी.डी. मोदी को फैयाज़ अहमद द्वारा और सरिता सिन्हा को ईशा कुमारी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में कॉलेज के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षकों ने अपनी मेहनत और समर्पण से आयोजन को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रस्तुति और सहयोग से कार्यक्रम को जीवंत और मनोरंजक बना दिया। विदाई समारोह में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें भाषण, नृत्य, संगीत, और नाटक शामिल थे। विद्यार्थियों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सभी का दिल जीत लिया। समारोह के दौरान विदाई भाषणों में शिक्षक और विद्यार्थियों ने अपने अनुभव और भावनाएं साझा की, जिससे माहौल में एक अद्भुत ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ। प्राचार्य डॉ. बिमल किशोर ने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने की सलाह दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें सफलता की राह पर अग्रसर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। जिसमें आयोजकों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# दी एम्बिशन कोचिंग सेंटर के निदेशक विवेक कुमार हुए सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** धनबाद में डीसीए के द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में हजारीबाग जिले के पाणिनी आईएएस एकेडमी के निदेशक प्रकाश कुमार,कोचिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव रितेश कुमार सिंह,श्रीकांत मैथमेटिक्स के निदेशक सी.के पांडे, अमेरिकन इंग्लिश एकेडमी के निदेशक सुदेश कुमार, फिजिक्स प्वाइंट के निदेशक विकास कुमार, दि एम्बिशन कोचिंग सेंटर के निदेशक विवेक कुमार, एसबी एग्जाम के शिक्षक अजीत मिश्रा समेत अन्य गणमान्य शिक्षकों को विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए यह सम्मानित किया गया। मार्ग दर्शन 2.0 प्रतिभा सम्मान 2024 बैनर तले सम्मान पाकर सारे शिक्षक अपने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल हमें नही मिला है,बल्कि हजारीबाग जिले के तमाम शिक्षा प्रेमियों के उचित मार्गदर्शन ने शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के लिए हमलोगों को इस मुकाम तक पहुंचाया है। इसलिए यह सम्मान हजारीबाग जिले के सभी शिक्षा प्रेमियों को समर्पित है।सभी ने अपने संकल्प को दुहराते हुए कहा कि हम सब छात्र-छात्राओं को उचित मार्गदर्शन देते हुए उनके बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में पूरी लगन एवं निष्ठा से कार्य करने को लेकर संकल्पित है।

## 13 जुलाई को लगेगा राष्ट्रीय लोक अदालत : खुराना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले हजारीबाग व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त बातें डालसा सचिव गौरव खुराना ने अपने कक्ष में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कही। उन्होंने बताया कि 24-28 जुन तक स्पेषल ड्राईव न्याय सदन में चलाया जा रहा है। इस दौरान कुटुम्ब न्यायालय से संबंधित 20 वादों का निष्पादन किया गया है। साथ ही कई मामलों में सराहणीय पहल चल रहा है। सकारात्मक परिणाम आने कि पूरी सम्भावना है। उन्होंने आगे बताया कि 29 जुन को विषेष लोक अदालत का आयोजन किा जायेगा। इस लोक अदालत में भूमि व राजस्व संबंधित विवादों का निष्पादन किया जायेगा। श्री खुराना ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सकारात्मक प्रयास से आज वादों का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है।

# आईलेक्स एवं बरही थाना ने संयुक्त रूप से निकाली जागरूकता रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर आईलेक्स और बरही थाना ने संयुक्त रूप से जागरूकता रैली निकाली। मौके पर विद्यार्थियों ने बताया की नशा एक अभिशाप है, यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और धूम्रपान (बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, चिलम) सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है। इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचने के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता ही है साथ ही स्वयं और परिवार की सामाजिक स्थिति को भी




भारी नुकसान पहुंचाता है। नशे के आदी व्यक्ति को समाज में हेय की दृष्टि से देखा जाता है। नशे करने वाला व्यक्ति परिवार के लिए बोझ स्वरुप हो जाता है, उसकी समाज एवं राष्ट्र के लिया उपादेयता शून्य हो जाती है। इसलिए आईलेक्स ने बरही थाना के तत्वाधान में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालने का संकल्प लिया। आईलेक्स के सभी ब्रांच - पंचमाधव, गोरिया करमा, बड़कागांव, गाड़िकला, बरकठा, और पाण्डेयबारा में एक साथ जागरूकता रैली निकाली गई। इसकी तैयारी में पिछले आठ दिनों से सभी बच्चे और टीचर्स लगे हुए थे। बच्चों ने लोगों को जागरूक करने के लिए अपने हाथों से पोस्टर बनाये और सिगरेट, शराब की बोतल के मॉडल बनाये। इसके साथ हीं नशे के दुष्परिणाम को दिखाने के लिए नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया। इसके साथ हीं बच्चों ने नशा विरोधी नारे भी लगाए। मौक़े पर मौजूद बरही थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा समाज को खोखला करता जा रहा है और आज का युवा इस नशे में धँसता जा रहा है।

# युवा व छात्र विरोधी है केंद्र सरकार : चंदन सिंह

- केंद्र ने जहां सरकारी रिक्तियाँ बंद कीं वहीं अग्नि वीर योजना लाकर युवाओं को ठगा है
- शिक्षा जगत का सबसे बड़ा घोटाला है नीट और नेट परीक्षा का पेपर लीक मामला।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** केंद्र सरकार लगातार युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।देश के प्रधान मंत्री जहां खुद रेल,भेल और सेल बेचने में लगे हैं वहीं युवाओं को पकौड़े बेचने की सीख दे रहे हैं। छात्रों के लिए शिक्षा लगातार महँगी और जटिल होती जा रही है,सरकारी संस्थाओं में नामांकन प्रक्रिया इतनी जटिल कर दी जा रही है कि छात्र प्राइवेट विश्वविद्यायों की ओर जा रहे हैं। केंद्र की सरकार के जहाँ न्यू एजुकेशन पालिसी के तहत



सी.यू.इ.टी के तहत नामांकन लेने के लिए सरकारी विश्वविद्यालयों को बाध्य कर रही है वहीं इस प्रक्रिया से प्राइवेट विश्वविद्यालयों को अलग रखा गया है,केंद्र की सरकार की यह नीति प्राइवेट संस्थानों को फ़ायदा पहुँचाने वाला प्रतीत होता है। उक्त बातें झारखंड छात्र मोर्चा के विनोबा भावे विश्वविद्यालय अध्यक्ष चंदन सिंह ने कहा. उन्होंने आगे कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा का दायित्व भी राजभवन के हाथ में होता है उसमे भी राज्य के लगभग सभी विश्वविद्यालय कुलपति विहीन हैं।विश्वविद्यालयों में जहां कुलपति की नियुक्ति वर्षों से नहीं हुई है वहीं कुलसचिव,परीक्षा नियंत्रक जैसे महत्वपूर्ण पद भी ख़ाली पड़े हैं। इन सभी मामलों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के छात्र संघ अध्यक्ष चंदन सिंह ने कहा कि देश की स्थिति देख यह स्पष्ट होता है कि केंद्र की बीजेपी सरकार युवाओं और छात्रों के भविष्य को पूँजीपतियों के हांथों बेच रही है। जिस प्रकार देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा में शुमार नीट और नेट के प्रश्न पत्र बिक रहे हैं यह देश के युवाओं के लिए काफ़ी दुर्भावपूर्ण है।इतने गंभीर मामले में तत्काल प्रधानमंत्री को देश की जानता को पूरे मामले में स्पष्टीकरण देना चाहिए। चंदन सिंह ने कहा की प्रदेश में युवाओं के ठेकेदार बन वोट लेने वालों का इस मामले में आवाज नहीं निकल रहा इस घोटाले के संबंध में जो बोल नहीं रहे वो सब मिले हुए हैं और ऐसे छात्र और युवा विरोधियों को इस बार जानता सबक़ सिखायेगी।

# मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मिल कर धनबाद की समस्याओं को बताया : ब्रजेंद्र सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स धनबाद में आयोजित कार्यक्रम में जिसमें मुख्यमंत्री के द्वारा परिसंपत्तियों शिलान्यास तथा उद्घाटन किया गया, इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई लोगों को नियुक्ति पत्र से लेकर गुरुजी क्रेडिट कार्ड तक लाभुकों के बीच वितरित किया।

उसी क्रम में ब्रजेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री से मंच पर ही मिल कर धनबाद के साथ-साथ पूरे झारखंड में बालू की घोर कमी के चलते जनता के साथ-साथ सरकारी कार्यो में भी विकास न होने की सूचना दी और मुख्यमंत्री से आग्रह किया की बालू पर कोई जल्द सरकार के द्वारा निर्णय लिया जाए ताकि जो पूरे झारखंड में बालू का अभाव है वह समाप्त हो सके। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी कहा की धनबाद में लघु उद्योग हार्डकोक, सॉफ्ट कोक या कोयले से जो भी उत्पादन होता है, यहां व्यवसाईयों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उद्योगों को सरकार और कंपनी के द्वारा लिंकेज से कोयला दिया जाता है जिससे भारत कोकिंग कोल उनको विभिन्न कोलियरियों में कोयला उठाने के लिए डिलीवरी आर्डर देता है लेकिन धनबाद जिला के लगभग सभी कोलियरीयों में कोयला उठाने नहीं दिया जाता है और बड़े-बड़े माफिया हाबी हैं। यहां तक की एक-एक गाड़ी लोड करने के लिए 70000 रुपए तक का नजराना लिया जाता है। इस पर अविलंब अंकुश लगाया जाए अन्यथा धनबाद जिला के सभी छोटे उद्योग बंद हो जाएंगे। इस पर मुख्यमंत्री ने ब्रजेंद्र सिंह को आश्वस्त किया की आने वाले दिनों में दोनों बिंदु पर विचार कर कार्यवाही करेंगे।

## प्रखंड में डीलरों के मनमानी के कारण कार्डधारियों में पनप रहा आक्रोश

# राशन कटौती करने पर दी प्रखंड मुख्यालय के घेराव की चेतावनी



**राशन वितरण में कोताही बर्दाश्त नहीं होगा : डीएसओ**

डीएसओ गुलाम समदानी ने कहा कि राशन वितरण में कोताही किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी डीलर को पूरा राशन दिया जा रहा है, इसके बावजूद कटौती हो रही है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए बीडीओ स्तर से निगरानी समिति भी बनाई गई है। कहा कि कोई भी लाभुक अपने डीलर के पास एक दाना भी अनाज कम न लें।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गावां/गिरिडीह :** गावां प्रखंड में इन दिनों लगातार डीलरों द्वारा मन माने तरीके से राशन वितरण करने पर कार्डधारी आक्रोशित होते नजर आ रहे है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर विभाग डीलर की मनमानी पर अंकुश नहीं लगाते हैं तो अंत में वे अपने हक के लिए प्रखंड मुख्यालय का घेराव करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। बता दें गावां, मालडा, नगवां, जमडार, गदर समेत सभी पंचायतों में इन दिनों राशन डीलर द्वारा प्रत्येक यूनिट पर आधा किलो राशन की कटौती की जा रही है। वहीं इनमे से कई डीलर ऐसे भी हैं जो आधा किलो राशन कटौती करने के बाद अलग से दो तीन किलो राशन की कटौती करते हैं। इतना ही नहीं कई डीलरों द्वारा 12 माह में 10 व 11 माह ही राशन बांटा जाता है। इन सभी को लेकर जब कुछ कार्डधारियों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि राशन डीलर द्वारा न सिर्फ गेंहू व चावल में कटौती की जाती है बल्कि नमक व दाल में भी गड़बड़ किया जाता है। वहीं जब वे लोग डीलर से पूछते हैं कि जब सरकार उन्हे पूरी राशन दे रही है तो फिर वे कम क्यों देते हैं तो फिर इस पर डीलर ऊपर से कटौती होने की बात कहते हैं। वहीं ज्यादा सवाल जवाब करने पर उन्हें कहा जाता कि जहां जाना है जाओ, जो होगा देख लेंगे। इस संबंध के जानकारी देते हुए माल्डा पंचायत समिति सदस्य अजीत तिवारी ने कहा कि कार्ड धारी राशन डीलर के मनमानी के कारण पूरे तरह से परेशान है। उनके द्वारा पंसस की बैठक में कई बार यह मुद्दा भी उठाया गया है, लेकिन विभाग लापरवाही के कारण अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी इस अवैध कटौती पर अंकुश जल्द से जल्द नहीं लगाएंगे तो फिर अंत में सभी कार्डधारी मिलकर अपने हक और अधिकार के लिए प्रखंड मुख्यालय का घेराव करने को बाध्य होंगे। बताते चलें कि इन सभी बातों की जब जानकारी कुछ डीलर से ली गई तो उन्होंने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें ऊपर से ही राशन काट कर दिया जा रहा है। और इतना ही नहीं बिचौलियों द्वारा विभागीय अधिकारियों के नाम पर कुछ पैसे भी उनसे लिए जाते हैं, जिसे विभागीय अधिकारियों तक पहुंचाया जाता है। ऐसे में वह कैसे कार्डधारियों को पूरा अनाज बांट सकते हैं।

## डीएवी बनियाहीर में स्वच्छता पखवारा का सफल आयोजन




**स्वस्थ रहना है तो अपने आस -पास के वातावरण को स्वच्छ रखना होगा : सुब्रतो मोदक**

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी बनियाहीर में प्राचार्य सुब्रतो मोदक के सफल नेतृत्व में स्वच्छता पखवारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों की देखरेख में विद्यार्थियों द्वारा विद्यालयों के आसपास के क्षेत्रों में जन जागरूकता रैलियां निकाली गई। जागरूकता रैलियां के दौरान विद्यार्थियों ने रास्ते मे लोगो को नाखून काट कर रखने, प्रतिदिन टूथब्रश करने, प्रतिदिन नहाने, साफ कपड़े पहनने, घर, आंगन, मोहल्ला और अपनी बस्ती व नगरों को साफ रखने में सहयोग करने के लिए भी कहा। जल भराव से मच्छर पैदा होकर डेंगू और मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी फैल सकते हैं, इसकी भी जानकारी लोगो को दी गई। लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। वापस लोटने के बाद स्कूल के प्रांगण में छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य सुब्रतो मोदक ने कहा कि स्वच्छता बड़े लक्ष्य का अभिन्न अंग है। उन्होंने विद्यार्थियों से पूरे वर्ष स्वच्छता पखवाड़े के परिणामों को बनाए रखने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा की यदि स्वस्थ रहना है तो अपने आस - पास के वातावरण को स्वच्छ रखना होगा। इस रैली में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक असीम प्रियदर्शी, शिक्षिका, सुमन पाठक, आशा कुमारी आदि सम्मिलित हुए।

## प्रज्जवला महिला समिति सिजुआ क्षेत्र ने किया गरीबों के बीच छाता वितरण



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** तेतुलमारी बस्ती में गुरुवार को 25 गरीब एवं असहाय महिलाओं को दीक्षा महिला मंडल के तत्वाधान में, प्रज्ज्वला महिला समिति सिजुआ क्षेत्र द्वारा बरसात के मौसम को देखते हुए छाता, मुढ़ी, ब्रिटानिया मेरी बिस्किट और ठंडा पेय (फरूटी) इत्यादि समिति की अध्यक्षा काकुली रॉय एवं उनके सदस्यों द्वारा वितरण की गई। मौके पर सुनीता सिंह, संगीता धुर्वे, सुनीता राम, बबीता दास, रीताली, अमिता, माया बंदना आदि उपस्थित थी।

# सरकारी जमीन पर कब्जा कर उसे बेचने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ हुई कार्रवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले के सदर प्रखंड अंतर्गत बक्शीडीह के अंतर्गत नदी किनारे सरकारी जमीन पर कब्जा कर उसे बेचने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ सदर अंचल में कारवाई शुरू किया।वही अतिक्रमणकारियों और भूमाफिया से निपटने के ही पहले दिन ही सदर अंचल के सीओ मोहम्मद असलम और पचंबा थाना के इंस्पेक्टर मंटू कुमार ने पुलिस जवानों के साथ मोर्चा संभाला. और दो जेसीबी से नदी की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया.गिरिडीह डुमरी रोड स्थित बक्सीडीह मोजा के छछनदो नदी के आसपास के प्लाट को जेसीबी से खाली कराना शुरू किया. और इसके कुछ घंटों में कई घरों के चारदीवारी को गिरा दिया गया. किसी ने नदी के किनारे पांच फीट तक कब्जा कर रखा था, किसी ने इस छोटी सी नदी का पूरा स्वरूप ही बदल दिया था. लिहाजा, इस पर जेसीबी से कई घरों के दीवार भी तोड़े गए. सदर अंचल के सीओ असलम ने कहा की पिछले कई महीनों से उन्हे ये सूचना मिल रही थी की बक्सीडीह मोजा के खाता नंबर 7 के प्लाट नंबर 262 एक नदी है जिसके आसपास सारे सरकारी जमीन है. और इसी नदी के स्वरूप को बदल कर कई स्थानीय भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया है उसे कई लोगों को बेचा है. इतना ही नही भूमाफियाओ ने कुल 26 लोगों को फर्जी तरीके से रैयती प्लाट का नंबर देकर नदी के आसपास की जमीन को बेचा है. जबकि नदी के खाता नंबर 7 के प्लाट नंबर 262 में एक भी रैयती जमीन नही है. पूरा जमीन नदी से जुड़ा हुआ है. जिसका स्वरूप ही स्थानीय भूमाफियाओं ने बदल कर पहले उस पर कब्जा कर लिया, और उसके बाद उसे कई लोगो को बेच दिया. सीओ ने बताया की यही हाल खरीयोदिह डैम के समीप हुआ है. और अब उसे भी खाली कराया जाएगा. एक सवाल के जवाब में सदर सीओ ने कहा की कुल 26 लोगो को पहले ही नोटिस जारी किया गया था. इसमें पांच लोगो के जमीन का जमाबंदी ही अवैध पाया गया. इधर शाम तक जिला प्रशासन का बुलडोजर चलना जारी था।

# जमीनी विवाद में खूनी संघर्ष, महिला समेत 12 घायल

## दोनों पक्षों के बीच खूब चले लाठी-डंडे व मिर्च का पाऊडर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखण्ड क्षेत्र के खरखरी पंचायत के ग्राम मरगोडा में गुरुवार की अहले सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ, जिसमें दोनों पक्षों से 4 महिलाएं समेत कुल 12 लोग घायल हैं। घायलों की पहचान 40 वर्षीय उमेश साव, 30 वर्षीय अरुण साव, 35 वर्षीय गायत्री देवी, 26 वर्षीय काजल देवी, 26 वर्षीय माधुरी देवी, 32 वर्षीय नकुल साव, 36 वर्षीय बालेश्वर साव, 65 वर्षीय शनिचर साव, 25 वर्षीय भीम साव, 22 वर्षीय भवानी साव, 50 वर्षीय टुकली देवी एवं 18 वर्षीय प्रदीप साव के रूप में की गई। इस बीच जानकारी देते हुए उमेश साव ने कहा कि मेरे केवाला जमीन पर शनिचर साव बाईजबरन दीवार दे रहा था तभी हम सभी परिवार रोकने के लिए गए तो मारपीट कर दिया । वहीं दूसरे पक्ष से शनिचर साव ने कहा कि मेरा भतीजा उमेश साव मेरे घर के पास दो वर्षों से दरवाजा बंद कर दिया है, कई बार पंचायत भी हुई जिसमें कुछ जमीन का बदलनामा होने के साथ दरवाजा खोलने की बात हुई थी परंतु आज तक दरवाजा नही खुला तो आज हम अपने जमीन पर दीवार दे रहे थे तभी वे लोग आए और लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे । हो हल्ला होने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और एम्बुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी भेज दिया जिसका उपचार डॉ ताज ने किया तथा गम्भीर हालत देखते हुए 7 लोगों को सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया । वहीं दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट में मिर्च पाउडर इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है । इस संबन्ध में थाना प्रभारी राजीव कुमार ने कहा किसी भी पक्ष के द्वारा आवेदन नही दिया गया है ।

# महाप्रबंधक ने निर्माण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश द्वारा आज आरा-सासाराम-पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेलखंड का निरीक्षण कर रेलवे ट्रैक, पुल/पुलियों आदि का गहन मुआयना किया गया । इस दौरान उन्होंने आरा और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के मध्य के स्टेशनों का निरीक्षण किया जहां उन्होंने साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, पेयजल सुविधा सहित यात्री सुविधा/संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया । महाप्रबंधक ने गढ़नोखा स्टेशन पर स्टेशन परिसर, सर्कुलेटिंग एरिया, पैनल रूम आदि का निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर विभिन्न यात्री सुविधाओं का निरीक्षण एवं क्रू लॉबी का जायजा लिया गया । महाप्रबंधक ने क्रू लॉबी में ऑन ड्यूटी रेलकर्मी से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की एवं संरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु दिशा निर्देश दिया । इसके साथ ही महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पीरो, विक्रमगंज, सासाराम आदि स्टेशनों के पुनर्विकास से संबंधित कार्यों का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए । महाप्रबंधक ने सासाराम एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन पर संवाददाताओं से वार्ता की ।

इस वार्ता में महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के लिए कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । यात्रीगण इन ट्रेनों से यात्रा कर अपनी यात्रा आरामदायक बना सकते हैं । महाप्रबंधक ने रेल परिचालन में संरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि संरक्षा सर्वोपरि है ।

# विकास कार्यों में तेजी लाएं अफसर और कर्मचारी : मथुरा प्रसाद महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी/धनबाद :** टुंडी थाना मोड़ में स्थित व्यापार मंडल में आज गुरुवार को किसानों को सुलभ और रियायती दरों में धान समेत सभी फसलों के बीच उपलब्ध हो इसके लिए टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने धान विक्रय केंद्र का फीता एवं नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन किया एवं किसानों के हित में किसी प्रकार की कोताही बरतने वालों की खैर नहीं की बात कही तथा केवल धान का बीज उपलब्ध होने पर काफी नाराजगी जताई एवं दो टूक टुंडी प्रखंड कृषि पदाधिकारी को चेतावनी लहजे में कहा कि खेती किसानी का समय नजदीक आने पर भी केवल धान का बीज ही किसानों को मिलेगा तो और सब फसलों का बीज कब उपलब्ध करवाया जायेगा यह ठीक नहीं कार्य प्रणाली में सुधार होनी चाहिए किसानों के प्रति लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं करूंगा अफ़सर एवं कर्मचारी विकास कार्यों में तेजी लाएं।बताया जाता है कि टुंडी विधायक इन दिनों विकास कार्यों में तेजी को लेकर दिन रात क्षेत्रों में रहकर कड़ी मेहनत कर जनता को हर तरह की सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो इस पर बिशेष ध्यान दे रहे हैं ताकि विकास की किरणें जन जन तक पहुंचे और कोई भी विकास से वंचित न रहे किसानों के लिए हाईब्रिड धान का बीज आज से सुलभ और रियायती दरों में व्यापार मंडल में उपलब्ध है जिसका उपजाऊ बहुत ही अच्छी है ।मौके पर टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया , प्रखंड कृषि पदाधिकारी बबलेश साव,एटीएम संतोष सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष बद्री प्रसाद चौधरी, विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, फूलचंद किस्कू, संतूलाल किस्कू, शंकर प्रसाद साव, आनंद महतो, शंकर चौधरी, राजेन्द्र मंडल समेत कई किसान भाई उपस्थित थे।

# मरीज के परिजन के साथ अस्पताल कर्मियों ने किया अभद्र व्यवहार, छीना फोन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में गुरुवार को अस्पताल कर्मियों ने मरीज के परिजन के साथ अभद्र व्यवहार तथा बदसलूकी किया। जहां ओझाडीह कटानिया से आए मरीज के परिजन ने अस्पताल कर्मियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह अपने मरीज को दिखाने के लिए आया था। जिसके बाद मरीज के परिजन ने एक्स-रे कराने के लिए गए। जहां परिजन का आरोप है कि कर्मियों ने उससे पैसे ले लिए और रसीद नहीं दिया।



जिसका विरोध करने पर अस्पताल कर्मियों द्वारा उक्त युवक का मोबाइल छीन लिया गया है और जाने को कहा गया। वही परिजन ने अस्पताल कर्मियों पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। जहां मरीज के परिजन सचिन धीवर ने बताया कि एक्स-रे करने के लिए वह लाइन में लगे हुए थे।

जिसके बाद काउंटर पर बैठे उक्त व्यक्ति ने पैसे ले लिए और रसीद नहीं दिया। मरीज के परिजन द्वारा पूछे जाने पर काउंटर पर बैठे उक्त कर्मी ने मरीज के परिजन के साथ अभद्रता करते हुए मोबाइल छीन लिया और कई तरह की धमकी देने की बात कही। मामले की जानकारी मिलने पर एचओडी डॉ. अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया।

## ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की 33वीं केन्द्रीय परिषद समिति की बैठक आयोजित

# मांगें पूरी हुए बिना पीछे नहीं हटेंगे : शिव गोपाल मिश्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के 33वीं केन्द्रीय परिषद समिति की बैठक गुरुवार को रेलवे ऑडिटोरियम धनबाद में शुरू हुई। गुरुवार सुबह सियालदाह राजधानी एक्सप्रेस से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआईआरएफ के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा तथा पटना से विशेष कोच से ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डी के पाण्डेय एवं महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव के धनबाद स्टेशन पहुंचने पर अपर महामंत्री मो ज़्याऊद्दीन के नेतृत्व में रेलकर्मियों ने पुष्पहारों और जोरदार इंकलाबी नारों के साथ स्वागत किया। आडिटोरियम प्रांगण पहुंच कर यूनियन के झंडे को अध्यक्ष द्वारा फहराया गया। इसके बाद सभी के द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभागार में



कॉम. शिव गोपाल मिश्रा सहित ईसीआरकेयू के केन्द्रीय पदाधिकारियों द्वारा पंचदीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत की गई। ईसीआरकेयू के मीडिया प्रभारी एनके खवास में बताया कि बैठक की अध्यक्षता डी के पाण्डेय ने तथा मंच संचालन मो ज़्याऊद्दीन ने किया जिसमें उनका सहयोग सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने किया। केन्द्रीय पदाधिकारियों के स्वागत के पश्चात पिछले दिनों मृत साथियों और विभिन्न घटनाओं में असमय काल कवलित हुए रेलकर्मियों और नागरिकों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। फिर सुमन गिरी तथा सोमा द्वारा स्वागत गान एवं देशभक्ति गीत गान से अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद सभा में महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें वर्तमान समय में राजनीतिक परिदृश्य और रेलकर्मियों के विभिन्न मांगों पर चल रहे आंदोलन की अद्यतन जानकारी रखी।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,
कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची

**National Bamboo Mission (NBM) योजना का कार्यान्वयन हेतु आम सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता (कृषि प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0 11 दिनांक 17.05.2024 के आलोक में कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में केन्द्रीय प्रायोजित कृषान्नति योजना – Mission for Integrated Development of Horticulture (MIDH) अन्तर्गत National Bamboo Mission (NBM) योजना का कार्यान्वयन राँची एवं खूँटी जिला में किया जाना है। इच्छुक कृषक/ स्वयं सहायता समूह/ कृषक उत्पादक समूह(FPO) /सहकारी समिति / सखी मण्डल , जो योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थनीय माननीय जनप्रतिनिधि से अनुशंसित कराकर दिनांक 20.07.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, संयुक्त कृषि कार्यालय, कृषि भवन, कॉंके रोड में जमा कर सकते हैं। National Bamboo Mission (NBM) योजना का कार्यान्वयन निम्नांकित रूप से किया जाना है–

1. सरकारी / स्थानीय निकाय / सामुदायिक भूमि में **High Density Bamboo Plantation** का कार्य– इसके तहत प्रति इकाई लागत रू0 1.00 लाख की दर से सरकारी / स्थानीय निकाय / सामुदायिक भूमि जिसमें waste Land सम्मिलित हो । High Denstiy Bamboo Plantation का कार्य शत–प्रतिशत अनुदान पर किया जायेगा। यह योजना तीन वर्ष तक (50:30:20 के अनुपात में ) संचालित की जायेगी। रख–रखाव हेतु राशि का व्यय छठड की मार्गदर्शिका के दिशा–निर्देश के अनुसार की जायेगी।

| क0 | कार्य अवयव | जिला– राँची। |
|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य (हे0 में) |
| 1. | सरकारी / स्थानीय निकाय / सामुदायिक भूमि में High Density Bamboo Plantation का कार्य | 01 हे0 |

2. कृषकों की निजी भूमि पर बॉंस रोपण का कार्य– इसके तहत प्रति इकाई लागत रू0 1.00 लाख की दर से कृषकों की निजी भूमि पर Bamboo Block Plantation of Farmers Field का कार्य 50: अनुदान पर लगातार तीन वर्षो तक (50:30:20 के अनुपात में ) किया जायेगा। रख–रखाव हेतु राशि का व्यय NBM की मार्गदर्शिका के दिशा–निर्देश के अनुसार की जायेगी।

| क0 | कार्य अवयव | जिला– राँची। | जिला– खूँटी |
|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य (हे0 में) | भौतिक लक्ष्य (हे0 में) |
| 1. | कृषकों की निजी भूमि पर बॉंस रोपण का कार्य | 06 हे0 | 08 हे0 |

नोट –
1. जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची / खूँटी के द्वारा लाभुकों की पात्रता सत्यापित किया जायेगा।
2. योजना का कियान्वयन में पूर्व से बॉंस रोपण / बॉंस से निर्मित वस्तुओं का उत्पादन करने वाले कृषकों को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी।
3. लाभुकों का चयन उपलब्ध आवेदन के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा के आधार पर किया जायेगा।
4. इस योजना का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण जिला एवं राज्य स्तर पर NBM की मार्गदर्शिका में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।
5. अनुसूचित जाति / अनूसूचित जनजाति / अल्पसंख्यक / महिला/ दिव्यांग / लघु एवं सीमांत कृषकों / FPO को प्राथमिकता के आधार पर योजना से लाभान्वित किया जायेगा।
6. जिला उद्यान कार्यालय, राँची से कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
7. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
8. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर BAO/BTM/ATM/ उद्यान मित्रों से एवं जिला स्तर पर कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, राँची से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
राँची–खूँटी

PR 327868 Agriculture(24-25).D

## निबंधित मजदूरों के मेधावी पुत्र व पुत्री को मिलेगी 5 से 50 हजार रुपये तक छात्रवृति : श्रम अधीक्षक

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में से निबंधित मजदूरो के मेधावी पुत्र/पुत्री को छात्रवृति मिलेगी।उसके लिए श्रम विभाग ने श्रमिकों से ऑनलाईन आवेदन मांगा है। आवेदन को वेबसाइट Shramadhan.jharkhand.gov.in के माध्यम से एक सप्ताह के अन्दर जमा करा सकते है। योजना के तहत प्रारंभिक शिक्षा से स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। कक्षा 1 से 8वीं तक को 5000/- छात्रवृत्ति मिलेगी। इसके लिए 1 से 5वीं तक को छोड़कर किसी भी परीक्षा में न्यूनतम 45% अंक अथवा द्वितीय श्रेणी से पास होना चाहिए एवं कक्षा 9वीं से 12वीं तक को 10000/- मिलेगी। साथ ही किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर पाठ्यक्रम में प्रवेश करने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। इसी तरह स्नातकोत्तर तक के विद्यार्थियों के लिए भी आवेदन लिया जा रहा है। हालांकि आवेदन केवल वही निबंधित श्रमिक कर पाएंगे जिनका रजिस्ट्रेशन डाटा श्रमाधान पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड किया हुआ है। ऑफलाईन डाटा वाले श्रमिकों के मेधावी बच्चे योजना के लाभ से वंचित रह सकते है। दरअसल लोहरदगा जिले में 12387 श्रमिक ऑनलाईन निबंधित है जिसमें से कुल 4570 श्रमिकों का आधार वेरिफाइड है। यूजी-पीजी को 20 हजार और मेडिकल इंजीनियर को 50 हजार रूपये, स्नातक (यूजी) से स्नातकोत्तर (पीजी) तक के विद्यार्थियों को 20 हजार रूपये छात्रवृति प्रदान की जायेगी। डिप्लोमा सहित अन्य समकक्ष पाठ्यक्रम के छात्र/छात्राओं के लिए भी आवेदन किया जा सकता है। वहीं इंजीनियरिंग एवं मेडिकल में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को 50 हजार रूपये छात्रवृत्ति दी जायेगी। वेबसाइट पर ही BOCW के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं में से किसी एक का ही एक बार में चयन संभव है। ऐसे में मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रवृति योजना का चयन करना होगा। कोई भी श्रमिक अपने एक या अधिकतम दो बच्चों के लिए आवेदन कर सकते है। इसके बाद स्कूल का नाम, कक्षा सहित अन्य जानकारियां अंकित करनी होगी। योजना का लाभ डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। BOC में निबंधित मजदूरों को सबसे पहले विभाग का वैबसाइट Shramadhan.jharkhand.gov.in पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा,जहाँ यूजर आईडी व पासवर्ड जनरेट करने होगे। जिसके बाद लॉगिन करने पर नया पेज खुलेगा फिर BOC रजिस्ट्रेशन नंबर,आवेदक का नाम,पिता/पति का नाम,जन्म तिथि, जिला का नाम,अंकित करना होगा। श्रम अधीक्षक दीप्ति लॉरी तिर्की ने बताया कि यदि श्रमिकों को खुद से ऑनलाइन आवेदन भरने में परेशानी हो तो वे किसी भी प्रज्ञा केन्द्र पर जा कर अपना आवेदन भर सकते है।

## विद्युत करंट की चपेट मे आने से किसान के गाय की मौत

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 26 जुन बुधवार प्रखंड के खरता ग्राम निवासी तारा देवी पति कृष्णामणि यादव के दुधारू पशु गाय की मृत्यु विद्युत करंट की चपेट मे आने से हो गई है। मामले पर तारा देवी ने बताया कि प्रतिदिन की ही भांति 26 जुन बुधवार को मेरा दुधारू गाय जो पेट से थी,खरता महली पावा लिफ्ट घर के समीप चरने गई थी उक्त स्थल पर विद्युत तार गिरा हुआ था जिसके चपेट मे आने से मेरी दुधारू गाय की मृत्यु हो गई। मेरी यह गाय लगभग 16 लीटर दुध देती थी,दुध वेचकर मै अपना परिवार का जिविकोपर्जन करती थी,उक्त गाय के मृत्यु से मै विल्कुल वेसहारा हो गई हूँ। उक्त घटना की जानकारी तारा देवी ने प्रखंड भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी अमरदीपक तिग्गा को भी दी है।

## गाड़ी हटाने की बात पर दो समुदाय के बीच हुआ विवाद

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कल्हेपाट में दो समुदाय के बीच रोड से गाड़ी हटाने की बात पर हुआ विवाद दो जख्मी मामला पहुंचा सेन्हा थाना क्षेत्र के कल्हेपाट ग्राम में विशेष समुदाय के एक परिवार तथा हिन्दू समाज के हजाम परिवार के बीच बुधवार को रोड से गाड़ी हटाने को लेकर दोनो पक्ष के बीच विवाद उतपन्न हुआ जिसमें दोनो पक्ष के एक एक व्यक्ति घायल हो गया। कल्हेपाट निवासी कलेश्वर हजाम के 25 वर्षीय पुत्र टोनिश हजाम ने आरोप लगाते हुए कहा कि साबिरउद्दीन अंसारी मेरे सैलून दुकान पर आकर गली गलौज करते हुए रोड पर कस्टम्बर की खड़ी गाड़ी को हटाने को बोलने लगा तभी हमलोग हटवा देते है। कहकर दुकान से निकालने लगे तभी सबीरउद्दीन अंसारी के 40 वर्षीय पुत्र असलम अंसारी दौड़ता हुआ आया और लाठी से मार कर जख्मी कर दिया जिसे अपना बचाव कर रहे थे तभी धक्का मुक्का में असलम अंसारी दुकान के सौकेश पर गिरने से शीशा टूट कर गर्दन में चोट लग गया। जबकि विशेष समुदाय के दूसरा पक्ष के असलम अंसारी आरोप लगाया कि मेरे पिता सबीरउद्दीन अंसारी द्वारा रोड में लगा गाड़ी को हटाने के लिए बोला गया। तो टोनिश हजाम मेरे पिता का कालर पकड़ अपने दुकान से निकाल रहा था.तभी हमलोग का नजर पड़ा तो बोलने गये कि इस प्रकार क्यों कर रहे हो तो सैलून दुकान से स्तूरा निकाल मेरे ऊपर प्रहार कर जख्मी कर दिया। घटना के बाद दोनो पक्ष सेन्हा थाना पहुंच अपनी अपनी समस्या को रखते हुए सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराते हुए मारपीट का मामला दर्ज कराया जिसे थाना प्रभारी के संज्ञान में आते ही प्रशासनिक कारवाई में पुलिस जुट गई हैं।

# उपायुक्त ने की संबंधित विभाग के पदाधिकारीयों के साथ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज गुरूवार को विकास समन्वय एवं आंतरिक संसाधन की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित विभागों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। सर्वप्रथम मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की गई। मनरेगा की योजनाओं में दीदी बाड़ी योजना,पशु शेड योजना,बिरसा हरित ग्राम योजना,वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना आदि की समीक्षा की गई। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में शेष लंबित योजना के लिए भूमि चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा में आवास निर्माण के स्थिति की समीक्षा और लाभुक को हस्तांतरित किश्त की समीक्षा की गई। पीएमजनमन योजना में किस्को और पेशरार में प्राप्त लक्ष्य और उपलब्धि की समीक्षा की गई। आइटीडीए परियोजना निदेशक अगले 15 दिनों में वन प्रमण्डल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर नये सामुदायिक वन पट्टा के लक्ष्य को पूर्ण करने का निदेश दिया गया। जिला में एससी व पिछड़ा वर्ग महिला छात्रावास के लिए प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया। भूमि सुधार उप समाहर्ता को नये आंगनवाड़ी भवनों के लिए भूमि चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। लोहरदगा बाईपास रोड और कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण में आवश्यक निदेश भू-अर्जन पदाधिकारी और संबंधित अंचल अधिकारियों को दिये गये। नगर परिषद के द्वारा निर्माण होनेवाले फुटबॉल स्टेडियम के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता को भूमि चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया।

आज की बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी,सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,सभी अंचल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## एक पेड़ माँ के नाम, नई और प्रेरणादायक पहल : विमला प्रधान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम की शुरुआत आज जिला कार्यालय में वृक्षारोपण कर की गई। कार्यक्रम शामिल होते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा की एक पेड़ मां के नाम एक नई और प्रेरणादायक पहल है इसका उद्देश्य मातृत्व के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ बढ़ावा देना है इस पहल के तहत लोग अपनी माता के नाम पर एक पेड़ लगाते हैं जो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है बल्कि माता के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट करने का एक सुंदर तरीका भी है इसकी शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा किया गया जिसे देश में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम बनाने का निर्णय लिया गया। वहीं कार्यक्रम संयोजक बसंत नारायण मांझी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यक्रम है जहां देश के सभी मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पौधे वृक्ष लगाए जाएंगे एवं वृक्ष लगाते हुए अपने मां के साथ सेल्फी ली जाएगी।

# खेल में जीत के लिए टाइम मैनेजमेंट जरूरी : अभिषेक झा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** फुटबॉल में विजय मेहनत समर्पण और सहयोग से ही संभव है। उपर्युक्त बातें संत स्तानिसिलास उच्च विद्यालय,पतराटोली में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान एसडीओ अभिषेक झा ने कही। श्री झा ने कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है। विजय प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित होना जरूरी है। इन्होंने मैदान में मौजूद विजेता के अलावा उपविजेता टीम को भी नसीहत देते हुए कहा कि हार और जीत खेल में लगा रहता है। हार का कतई मतलब नहीं है कि खिलाड़ियों ने मेहनत नहीं किया है। एपीओ अशोक पांडे ने खिलाड़ियों को हरिवंश राय बच्चन की कविता का स्मरण कराते हुए कहा कि आपको निराश होने की जरूरत नहीं है और हमेशा इस बात को याद रखना होगा की कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है। आने वाले राज्य स्तर के लिए आप और मेहनत करें। खिलाड़ियों का हौसला अफजाई एपीएम दीपक झा और फील्ड मैनेजर आकाश कुमार ने भी किया। शिक्षक शैलेंद्र कुमार सुमन ने कहा कि कम समय में खेला जाने वाला इस लोकप्रिय खेल में करियर की असीम संभावनाएं हैं। अंडर 17 बॉयज टीम में डॉ अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय कैरो ने चुनीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा को 2गोल,अंडर 17 गर्ल्स टीम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुग्गू पेशरार ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय लोहरदगा को टाईब्रेकर में एक गोल,अंदर 15 बालक वर्ग में राजकीय मध्य विद्यालय लोहरदगा ने मध्य विद्यालय कैरो को पांच एक से शिकस्त दिया। खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने में संजय उरांव,जीवन किशोर केरकेट्टा,संतोष टोप्पो,रंजू साहू, रश्मि खेस, ज्ञानमनी, उरांव,विपिन किशोर लकड़ा, तबारक अंसारी ने योगदान दिया।

## ऑनलाइन पोर्टल पर कर्मचारी स्वयं अपने विभिन्न योजनाओं की ले सकते हैं जानकारी : सीपी यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के सभागार में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन रांची के द्वारा ÷निधि आपके निकट 2.0 जिला संपर्क कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के सचिव श्री सीपी यादव द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय से आए हुए एक्सपर्ट का स्वागत किया गया। आगे कार्यक्रम का संचालन कर्मचारी भविष्य निधि संगठन रांची से श्री सुजीत कुमार (लेखा अधिकारी) एवं श्री संतोष कुमार सिंह (वरीय सामाजिक सुरक्षा सहायक) के द्वारा किया गया। जिनके द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि से संबंधित विभिन्न प्रकार के योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में कर्मचारी भविष्य निधि के लाभुकों को कर्मचारी भविष्य निधि के ऑनलाइन पोर्टल के बारे में प्रदर्शन कर विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही बताया गया कि कर्मचारी भविष्य निधि के नियोजक एवं लाभुक के अपने-अपने दायित्व हैं। जिसको समझने और आवश्यक आह्वरता को पूरा करना जरूरी हैं। उसके बाद उन्होंने बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि के लाभुक अब ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग कर खुद से आवश्यक जानकारी जैसे आधार कार्ड, बैंक खाता,पैन कार्ड,नॉमिनेशन फॉर्म,लाइफ सर्टिफिकेट रिनुअल अपडेट एवं अपने कर्मचारी भविष्य निधि खाता का निगरानी कर सकते हैं। अंत में उन्होंने बताया कि यदि नियोजक समय पर कर्मचारियों का पैसा जमा कर दें,साथ ही लाभुक अपने खाता में आवश्यक जानकारी खुद से ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग कर ठीक कर ले तो कर्मचारी भविष्य निधि संगठन लाभुकों उनके पेंशन योजना का लाभ समय पर देने के लिए सक्षम होगी। कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के सचिव महोदय द्वारा रांची से आए कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय के एक्सपर्ट एवं संस्थान के सभी कार्यकर्ता को प्राप्त जानकारी को अमल में लाने की सलाह देते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

# पीसीसी पथ निर्माण में भारी अनियमतता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला के पाकरटांड प्रखण्ड अन्तर्गत कैरबेडा पंचायत के डूमरडीह चरकूडीह से पन्नाटोली के बीच पी सी सी पथ का निर्माण, जिला योजना अनाबद्ध मद अन्तर्गत, कार्यकारी एजेंसी : ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सिमडेगा,योजना संख्या : 1125,01.06.2023 प्रकाह्लित राशि 24,60,200.00/– का संवेदक द्वारा बनाया गया है। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता खुशीराम कुमार को दिया । जिस पर खुशीराम कुमार ने बताया कि पीसीसी निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है, इसमें ढलाई का मोटाई भी बहुत कम है जो छः महीना बीता भी नही है और उखड़ने लगा है सच्चाई को छुपाने के लिए जो साइन बोर्ड लगाया गया है उसपर दूरी नहीं लिखा गया है और सड़क की लंबाई को भी घटा दिया है।

संवेदक द्वारा ग्रामीणों को बार बार आश्वासन दिया गया कि जो अधूरा बचा है बाद में पूरा कर देंगे पर अभी तक नही बना जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। कांग्रेस नेता खुशीराम कुमार ने खुद जहां पर पी सी सी पथ निर्माण किया गया है वहां उपस्थित होकर ग्रामीणों से कहा कि इसका जांच कराया जाएगा और जो जो इस भ्रष्टाचार में शामिल हैं उन पर कार्यवाही किया जाएगा और जरुरत पड़ी तो संवेदक और संबंधित विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर सोमरू महतो, सोनू बड़ाईक, सबीना किंडो, सिरिल किंडो, प्रदीप डुंगडुंग, मिखैल लकड़ा, पिलकास डुंगडुंग, ज्योति प्रकाश मिंज, सुषमा डुंगडुंग, रेजिना डुंगडुंग, एलिस मिंज, मरियम डुंगडुंग, अनिल कुजूर, जेरोम कुजूर, सुकरा महतो, इंदर महतो, नेम्हान कुजूर, प्रभा कुजूर, मनबोध बड़ाईक, सुनीता कुजूर आदि मौजूद थे।

## नीट अभ्यर्थियों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करें मोदी सरकार : सुखदेव भगत




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय युवा कांग्रेस के द्वारा आज देश भर के छात्रों के महत्वपूर्ण परीक्षा नीट,यूजी के प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर संसद भवन का घेराव कार्यक्रम था घेराव कार्यक्रम से पहले जंतर मंतर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि देश की गूंगी ,बहरी,निकम्मी सरकार देश के भविष्य नीट के परीक्षार्थियों के साथ धोखा किया है। सालों साल से ये बच्चे एग्जाम का तैयारी करते हैं और उनके भविष्य के साथ केंद्र सरकार खिलवाड़ कर रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रतिपक्ष के नेता आदरणीय राहुल गांधी छात्रों के साथ है और वह छात्रों को न्याय दिलाकर रहेंगे। जब तक छात्रों को नहीं नहीं मिलता है तब तक कांग्रेस पार्टी का आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित पूरे देश के युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दो दिवसीय समर कैंप कार्यक्रम का शुभारंभ

**लोहरदगा :** लोहरदगा अविराम स्कूल ऑफ़ एक्सेलेंसी में दो दिवसीय समर कैंप कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।समर कैंप के अवसर पर प्रथम दिन रंगारंग कार्यक्रम के साथ-साथ पेंटिंग,आर्ट एंड क्राफ्ट,क्रिकेट आदि गतिविधियों में छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

द्वितीय दिन रैंप वॉक,एक्टिंग तथा फन एक्टिविटी में छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमे पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा एक से आठ तक के बच्चो में प्रथम स्थान में अनुषा, जिया,खुशी,तनु,वर्षा और दक्षा ने बाजी मारी तथा क्रिकेट में क्लास नौ के बच्चो ने बाजी मारी।रैंप वॉक में क्लास तीन के बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इस मौके पर शशि, चिनीवास, खुशीप्यारी, सुनीता, सोनिया, शबनम, रोशन, संगीता, काजल,अफसाना, तारामनी, प्रीति, पुजा, प्राची, पूना खुशबू तथा अनुषा सहित सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

## सहारा इंडिया में जमा पैसा को वापस दिलाने के लिए उग्र आंदोलन करेगा झारखंड पार्टी : एनोस



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के लाखों लोगों की जमा पूंजी सहारा बैंक में फंसी हुई है, केंद्र की भाजपा सरकार और राज्य की इंडिया गठबंधन की सरकार दोनों गरीबों की जमा पैसे को वापस दिलाने के संबंध में कोई ठोस पहल नहीं कर रही है। झारखंड पार्टी सहारा इंडिया में जमा पैसे वापस करवाने की मांग को लेकर जल्द ही आंदोलन के रूपरेखा तैयार करेगा। जिले के गरीब आदिवासियों का पैसा बर्बाद होने नहीं दिया जाएगा। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि जल्द ही पार्टी के द्वारा सहारा इंडिया के सभी खाताधारियों की बैठक करते हुए रणनीति तैयार की जाएगी और उग्र आंदोलन किया जाएगा। साथ ही साथ जरूरत पड़ने पर न्यायालय का भी सहारा लिया जाएगा। एनोस एक्का ने कहा कि सहारा इंडिया हमारे जिले के लोगों की मेहनत की गाढ़ी कमाई दबाए बैठा है। राशि का भुगतान नहीं होने से बेटियों की शादी नहीं हो पा रही है,गंभीर रूप से बीमार परिजनों का समुचित इलाज नहीं करा पा रहे हैं। एनोस ने कहा कि कई बार सहारा इंडिया से पैसा मांगा गया, लेकिन थोडी बहुत राशि ही कुछ लोगों को ही लौटायी जा रही है, जमा पूंजी वापस नहीं की जा रही है।

# सिबला पंचायत मे मोबिलाईजर चुनाव को लेकर किया गया ग्राम सभा, नहीं बनी सहमति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड के सिबला पंचायत भवन परिसर मे प्रखंड विकास पदाधिकारी बारियातू पत्रांक 838 पं 24/06/2024 के अलोक मे मोबीलाइजर चयन को लेकर पंचायत मुखिया सुरेश उरांव की अध्यक्षता मे विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

ग्राम सभा मे मोबिलाईजर चयन को लेकर ग्राम सभा मे पंचायत सेवक चंदन कुमार, रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव, ग्राम प्रधान अर्जुन साव बिशुनदेव गंझु, दिलीप सिंह की उपस्थिति मे भारी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित हुए. जहाँ स्वयं सेवक कौलेश्वर यादव, पूनम देवी, लवकुश यादव,सरफ़राज़ अहमद चारो ने अपना अपना दावा पेश किया. उपस्थित ग्रामीणों ने चारो को स्थानीय होने के कारण वोटिंग की मांग कर रहे थे. वोटिंग की व्यवस्था नहीं होने पर कौलेश्वर यादव ने ग्रामीण महिला पुरुष को अपने पक्ष के लिए पंक्ति मे खड़ा कराया.जिसमे अनुमानित लगभग 250 ग्रामीण कौलेश्वर यादव के पक्ष मे खड़ा हुए. वहीं लवकुश यादव के पक्ष मे 220 से भी अधिक लोग सपोर्ट किया. तीन पंचायत सेवकों ने समय पर सुचना नहीं मिलने के आरोप लगाते हुए चुनाव मे लॉटरी करवाने का आग्रह किया. जिसमे लवकुश यादव, सरफ़राज़ अहमद, पूनम देवी एक पक्ष मे दिखी. लॉटरी का सहमति जताया.परन्तु कौलेश्वर यादव असहमत रहे. जिससे मोबिलाईजर की चुनाव मे सहमति नहीं बन पाई.मौके पर तापेश्वर यादव, जयप्रकाश सिंह, सर्बजीत राम, गौरी यादव, हीरालाल यादव, प्रमोद तुरी, जीतेन्द्र गंझु, सुगदेव उरांव, रमेश उरांव, बबलू सिंह, दुलारचंद पासवान, मो सकिल, मो इजाजल सहित काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे.

## चलते चलते एक नजर

### अब कांग्रेस का समर्थन करेंगे दुष्यंत चौटाला



**नई दिल्ली** : जैसे-जैसे हरियाणा में विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं वैसे ही राज्य के सियासी समीकरणों में भी बदलाव आ रहा है। कुछ दिनों पहले तक भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रही जननायक जनता पार्टी अब धीरे-धीरे कांग्रेस की तरफ शिफ्ट होती दिखाई दे रही है। पहले दुष्यंत चौटाला ने विधानसभा में कांग्रेस का समर्थन करने की बात कही थी। तो वहीं, अब उन्होंने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने की बात कही है। हालांकि, समर्थन के लिए उन्होंने कांग्रेस के सामने एक शर्त भी रखी है। दरअसल, जल्द ही हरियाणा में राज्यसभा की एक रिक्त सीट के लिए चुनाव होने हैं। ऐसे में हरियाणा के पूर्व डिप्टी-सीएम और जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला हरियाणा की एक राज्यसभा सीट के चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने को तैयार हो गए हैं। जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि अगर कांग्रेस प्रदेश के किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति, या कॉमनवेल्थ, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को संयुक्त उम्मीदवार बनाए तो हम समर्थन देने को तैयार हैं।हरियाणा के पूर्व डिप्टी-सीएम और जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने वापस भारतायी जनता पार्टी के साथ किसी भी गठजोड़ से इनकार कर दिया है। दुष्यंत चौटाला ने साफ तौर पर कहा है कि आगे से भाजपा के साथ जाने का कोई औचित्य नहीं बनता। भाजपा के साथ जाने से हमें बहुत नुकसान हुआ।

### प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में गुरुवार को प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव-2024 के चुनाव परिणाम की समीक्षा की गई और आगामी विधानसभा चुनाव की कार्य योजना पर रणनीति बनाई गई। साथ ही संगठन की मजबूती पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक में गुंजन सिंह ने प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम हमारे अपेक्षा अनुरूप नहीं रहा। और बेहतर करने की जरूरत थी। अब विधानसभा चुनाव बहुत ही करीब आ गया है। आप लोगों को संगठन की जो भी जिम्मेदारी दी गई है उसे पूरा करने के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ अपने-अपने जिले और क्षेत्र में जुट जाएं। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने दिल्ली में संपन्न बैठक में मिली एक्शन प्लान की जानकारी देते हुए कहा कि आगामी अगस्त माह में राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आहूत होगी। इसमें महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, झारखंड प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल होंगे।

# सम्मान के हकदार कार्यकर्ताओं के साथ परिवार भी : अरुणा शंकर

### पहली बार किसी ने घर आकर सम्मानित किया : कार्यकर्ता







प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पलामू लोकसभा में भाजपा का डाल्टनगंज विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एवं शहरी क्षेत्र में 8 प्रतिशत वोट बढ़ाने तथा भारी मतों से सांसद बीडी राम को विजई दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं को आपका सम्मान आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत पोलपोल जाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष जवाहर चंद्रवंशी एवं सतबरवा जाकर मंडल अध्यक्ष विजय पाठक एवं उनके परिवार को सम्मानित किया।

प्रथम महापौर ने कहा कि जितनी मेहनत हमारे कार्यकर्ता अपने घर के काम को छोड़कर पार्टी के लिए करते हैं वह सारा घर का कार्य परिवार के दूसरे सदस्य को करना पड़ता। इसलिए सम्मान के भागीदार जितना पार्टी के कार्यकरता है उतना ही परिवार के सदस्य भी। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं बुथ स्तर तक जाऊंगी और एक-एक कार्यकर्ताओं को सम्मानित करूंगी। क्योंकि कोई भी पार्टी उन्हीं कार्यकर्ताओं के बदौलत चुनाव लड़ती और जीतती है।

प्रथम महापौर ने कहा कि जल्द मैं गांव गांव जाकर चौपाल भी लगाऊंगी। ताकि गांव की समस्या को प्रशासन तक पहुंचा सकूं। प्रथम महापौर के साथ काफी संख्या में लोग थे। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने प्रथम महापौर के इस कार्यक्रम को काफी सराहा और कहा कि पहली बार हम कार्यकर्ताओं को हमारे घर आकर इतना सम्मान परिवार और समाज के सामने दे रहा।

जिसके लिए प्रथम महापौर बधाई की पात्र हैं।

# समाजसेवी ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** समाजसेवी टिंकू गुप्ता ने एक गर्भवती महिला को रक्तदान कर महिला की जान बचाने में सहायता प्रदान की। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष उमेश कश्यप ने बताया कि समाज सेवा में यूं ही गढ़वा का नाम नही आता है। यहां का युवा वर्ग किसी भी समस्या में अपना योगदान के लिए तत्पर रहते हैं। रितेश कश्यप की पत्नी के लिए रक्त के कमी होने से रक्त के लिए आग्रह किया गया। समाजसेवी दौलत सोनी ने टंडवा निवासी समाज सेवी टिंकू गुप्ता से रक्त के लिए आग्रह किया। टिन्कू गुप्ता इसके लिए तत्काल तैयार हो गये और उन्होने उक्त महिला के लिए रक्तदान किया। बताया गया कि रितेश कुमार की धर्मपत्नी को रक्त उपलब्ध होने के बाद उनका डिलीवरी कराया गया एवं जच्चा बच्चा स्वस्थ है। मौके पर नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष उमेश कश्यप, समाजसेवी दौलत सोनी, संतोष कश्यप, विशाल गुप्ता पवन सोनी, संतोष कश्यप, संजीव कश्यप् आदि उपस्थित थे।

# ग्रेटर नोएडा में फिल्म सिटी से सीधा कनेक्ट होगा यमुना एक्सप्रेस वे



एजेंसी

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा में बन रही फिल्म सिटी अब सीधा यमुना एक्सप्रेसवे से कनेक्ट हो जाएगी. इसको लेकर 75 मीटर चौड़ा एक स्पेशल इंटरजेंज बनाया जा रहा है. इसका फैसला यमुना विकास प्राधिकरण की 81 वीं बोर्ड बैठक में लिया गया. फिल्म सिटी से यमुना एक्सप्रेसवे के कनेक्ट होने पर फिल्म सिटी से जुड़े लोगों को बहुत फायदा होगा. दरअसल यमुना एक्सप्रेसवे पर उतार और चढ़ाव दोनों तरफ से मार्ग बनाए जाएंगे. इससे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जुड़े लोगों को भी काफी फायदा मिलेगा.मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण वीर सिंह ने लोकल 18 से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने बताया कि फिल्म सिटी और यमुना एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ा जाएगा. इसको लेकर एक प्रस्ताव तैयार किया गया था.और इस बैठक में उसे रखा गया है. अब इस पर मंजूरी मिल गई हैं. इस इंटरचेंज को बनवाने का जिम्मा एनएचआई का होगा.आगे उन्होंने बताया की फिल्म सिटी से जुड़े लोगों के लिए यह अहम कदम उठाया गया है. इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया था. और इससे बोर्ड बैठक में मंजूरी के लिए पेश किया गया था. जिसके बाद सबकी सहमति में इसे मंजूर किया गया. अब इसका काम जल्द शुरू किया जाएगा.

# आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम रंका में आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** आजसू पार्टी के राज्यव्यापी हल्ला बोल कार्यक्रम के अंतर्गत रंका प्रखंड इकाई द्वारा रंका प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंका अनुमंडल अध्यक्ष मुकेश साह ने किया। जबकि संचालन जिला प्रवक्ता विकास कुमार ने किया। प्रखंड इकाई के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रखंड कार्यालय में व्याप्त अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ 11 सूत्री मांग पत्र सौंपी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा राज्य की झूठ और फरेब की सरकार पूरे राज्य में भ्रष्टाचार और लूट को बढ़ावा दिया है। ऐसे में राज्य की जनता का किसी भी कार्यालय में कोई काम बिना पैसे के नहीं हो पा रहा है। आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव चंपा देवी ने कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है और सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। राज्य की सरकार जनता को पूरे 5 साल ठगने में ही समय बिता दिया। पार्टी के जिला प्रधान सचिव त्रिपुरारी सिंह ने कहा की सुबे के पेयजल स्वच्छता मंत्री गढ़वा जिले सहित पूरे राज्य को पानी पिलाने में असफल रहे हैं। पार्टी के जिला प्रवक्ता विकास कुमार ने कहा कि रंका ब्लॉक में कोई भी कर्मचारी समय पर नहीं आते हैं और ना मिलते हैं। प्रमुख मांग में से जमीन संबंधी दाखिल खारिज को अविलंब निष्पादन करने, अबुआ आवास में पारदर्शिता लाने, मनरेगा में मजदूरों की मजदूरी यथाशीघ्र भुगतान करने, किसानों को समुचित बीज आपूर्ति करने आदि शामिल है। इस अवसर पर कृष्णा राम, रामाधार ठाकुर, प्रतिमा देवी, अनुज रवि, हबीब अंसारी आदम, शहादत खान, बिरेंद्र राज गुप्ता, अनिल भुईयां, रोहित कुमार चौधरी, नवल कुमार, राकेश कुमार, नीरा देवी, सुजनती देवी, संगीता देवी, एतवरिया देवी, कुसुम देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राज्य के प्रखंड कार्यालयों में आजसू पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**रांची :** आजसू पार्टी ने हल्ला बोल कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, बिजली आपूर्ति में अनियमितता, मनरेगा मजदूरों को मजदूरी न मिलना, पलायन, मानव तस्करी, प्रशासनिक उदासीनता समेत जनमानस को आ रही अन्य समस्याओं के खिलाफ नगर राज्य के विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में जाकर सम्बंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। हल्ला बोल कार्यक्रम के दूसरे दिन बोकारो जिला के चास प्रखंड, लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड, गढ़वा जिला के रंका प्रखंड, सिमडेगा जिला के बोलबा प्रखंड, देवघर जिला के सारवां प्रखंड, साहिबगंज के सदर प्रखंड, गुमला जिला के सदर प्रखंड, जामताड़ा जिला के फतेहपुर प्रखंड कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

# नए आपराधिक कानूनों में जीरो एफआईआर होगा अहम प्रविधान



एजेंसी

**नई दिल्ली :** आगामी एक जुलाई से लागू हो रहे तीन अहम कानून भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम है। इन तीनों कानूनों के तहत जीरो एफआइआर, आनलाइन पुलिस शिकायत, इलेक्ट्रानिक माध्यमों से समन भेजना और घृणित अपराधों में क्राइम सीन की वीडियोग्राफी अनिवार्य हो जाएगी। अगले हफ्ते से लागू होने वाले तीनों नए आपराधिक कानूनों के लिए बुनियादी स्तर पर 40 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है। इसमें 5.65 लाख पुलिस कर्मी, जेल अधिकारी भी शामिल हैं। इन सभी को इन नए कानूनों के बारे में सबको जागरूक करने के लिए भी प्रशिक्षित किया गया है। नए कानूनों में जांच और न्यायिक प्रक्रिया में तकनीकी दखल बढ़ने से नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तकनीकी सहायता देने की व्यवस्था की गई है। अब देश के हरेक पुलिस स्टेशन में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम एप्लिकेशन के तहत सभी केस दर्ज होंगे।सशक्त जांच के लिए गंभीर आपराधिक मामलों में सुबूत जुटाने के लिए क्राइम सीन पर फारेंसिक विशेषज्ञों का जाना अनिवार्य। सुबूत एकत्र करने की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अनिवार्य होगी।महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध में जांच एजेंसियों को दो महीने के अंदर जांच पूरी करनी होगी। 90 दिनों के अंदर पीड़ितों को केस में प्रगति की नियमित अपडेट देनी होगी।

# रांची के डोरंडा में जमीन विवाद को लेकर फायरिंग मामले में चार गिरफ्तार : एसएसपी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के धोबी मुहल्ला में बुधवार को गोली चलाने से हड़कंप मच गया था। इस मामले में डोरंडा थाना में महिला द्वारा मामला दर्ज कराया गया है। इस पूरे मामले में एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा चल रहा था, इसी दौरान एक पक्ष के द्वारा गोली चलाई जाने के मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इस पूरे मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है । इसमें से कुछ फरार भी हैं। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी को आदेश दिया गया है कि दोनों पक्षों के बीच जमीन का मामला था और विवाद लंबा है तो इसकी जांच पड़ताल करते हुए एफआईआर दर्ज करें और जो हथियार लाइसेंसी जब्त किया गया है, इसकी जो जांच होगी, लेकिन अभी तक लाइसेंसी हथियार से गोली नहीं चलाई गई है। पुलिस ने दो राइफल जिसमें एक नाली और दो नाली राइफल जब्त किया है । उसके साथ 14 गोलियां जब्त किया है। गिरफ्तारी में आजम,रौशन, अफताब, बिट्टू का नाम शामिल हैं, अली फरार है। एसएसपी ने कहा कि एक जमीन है उसी जमीन को दोनों अपना बता रहें है, कि उसके इसी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जब ऐसे मामले थे तो अंचल अधिकारी को पहले गंभीरता पूर्वक इस पर संज्ञान लेने चाहिए थे। एसएसपी ने जमीन विवाद मामले पर आगे कहा कि अब हम लोग ऐसे लोगों को भी चिन्हित कर रहे हैं जो भू माफिया हैं और इसी भूमिया, जमीन दलाली से संपत्ति अर्जित किया है , उसकी संपत्ति जब्त करने की तैयारी है साथ ही कुछ जमीन दलाल समाजसेवी, राजनीतिक पार्टियों का चोला पहनकर ऐसा काम कर रहे हैं उसे भी चिन्हित किया जा रहा है।

### पेड़-पौधे हैं तो जीवन है : बाबूलाल मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के सिकिदिरी मंडल अंतर्गत नवागढ़ पंचायत में भाजपा की ओर से आयोजित एक वृक्ष मां के नाम के तहत पौधारोपण सह बूथ कार्यकर्ता सम्मान, अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। मरांडी ने कहा प्रकृति हमारी मां है जो समस्त पृथ्वी वासियों की रक्षा करती है। प्रकृति की शोभा पेड़ पौधे, वृक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाकर हम प्रकृति की सुरक्षा सुनिश्चित करें, तभी प्रकृति हमारे जीवन की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने स्थापना काल से केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि रचनात्मक कार्यक्रम के साथ भी जनता की बीच जाती है। भाजपा प्रकृति और संस्कृति दोनों की सुरक्षा के लिए संकल्पित है। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस वर्ष हमारे पार्टी के प्रेरणा पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस 23 जून से लेकर उनकी जयंती छह जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम लगाने के अभियान का आह्वान किया है।

# यूएन में पाकिस्तान ने फिर उठाया कश्मीर का मुद्दा



एजेंसी

**न्यूयॉर्क:** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान ने फिर से कश्मीर राग अलापा तो भारत ने ऐसा जवाब दिया कि इस्लामाबाद की भयंकर बेइज्जती हो गई। भारत ने कहा कि पाकिस्तान बार-बार संयुक्त राष्ट्र का ध्यान भटकाने के लिए इस मुद्दे को उठाता है। जबकि पाकिस्तान का आरोप निराधार, बेतुका और ध्यान भटकाने के लिए किया जाने वाला आदतन प्रयास है। पाकिस्तान अपने देश में बच्चों के साथ हो रहे घनघोर अपराधों से दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए ऐसा कर रहा है। बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आयोजित बहस के दौरान यूएन में भारत के उप-प्रतिनिधि आर. रविंद्रन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और हमेशा रहेगा। भारत ने कहा कि पाकिस्तान का उक्त बयान आदतन, राजनीति से प्रेरित और भारत के खिलाफ दुर्विचार रखने की वजह से है। भारत इस निराधार और बेतुके बयान को सिरे से खारिज करता है। उन्होंने कहा कि यूएनएससी में वर्षों से बच्चों पर होने वाली बहस ने सशस्त्र संघर्ष स्थितियों के चलते बच्चों पर आने वाली चुनौतियों को सामने लाकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की मदद की है। लिहाजा अंतरराष्ट्रीय समुदाय बच्चों के खिलाफ होने वाले उल्लंघनों को रोकने और उसे समाप्त करने के महत्व को पहचाने। बता दें कि बच्चों पर होने वाली बहस के दौरान पाकिस्तान ने कश्मीर में मानवाधिकारों के उल्लंघन का निराधार आरोप लगाया था। आर रविंद्रन ने कहा कि इस मामले में हम संयुक्त राष्ट्र कार्यालय और महासचिव के विशेष प्रतिनिधि के कार्यों की सराहना करते हैं। हालांकि सशस्त्र संघर्षों के बदलते परिदृश्य में बच्चों के सामने आने वाली विविध चुनौतियों से निपटने और उसे रोकने के लिए अभी काफी काम किया जाना बाकी है। भारतीय दूत ने कहा कि बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1261 को अपनाने के 25 साल इस वर्ष पूरे हो चुके हैं। वर्षों से बच्चों और सशस्त्र संघर्ष के मुद्दे पर यूएन में होने वाली बहस ने बच्चों के सामने आने वाली गंभीर चुनौतियों को सामने लाने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की वाकई में बहुत मदद की है।